www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 233 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 29 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे : कलेक्टर — पृष्ठ 3

▸ महाराष्ट्र का चुनावी चमत्कार
▸ इंडिया ब्लॉक की अगली चुनौती 2025 और 2026 के सात विधानसभा चुनाव — पृष्ठ 4

▸ छात्र-छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा और अपराधों को लेकर किया जागरूक — पृष्ठ 6

आतंकवाद को वित पोषण रोकने बड़े कदम उठाने की आवश्यकता — पृष्ठ 8

## सार समाचार

### सेना के ऑनलाइन शिक्षण मंच एकलव्य की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरूवार को सेना के लिए ऑनलाइन शिक्षण मंच 'एकलव्य' की शुरुआत की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह पहल सेना द्वारा खुद को परिवर्तन के दशक में आगे बढ़ाने के साथ-साथ सेना की थीम 2024 को प्रौद्योगिकी अवशोषण के वर्ष के रूप में भी जोड़ती है। एकलव्य सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म को आर्मी वॉर कॉलेज के सहयोग से मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान के तत्वावधान में विकसित किया गया है।

### इस्कॉन की गतिविधियों पर बैन लगाने से इनकार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश हाई कोर्ट ने इस्कॉन की गतिविधियों पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया। कोर्ट ने गुरुवार को इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने पर स्वत: संज्ञान लेते हुए आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के वकील मोनिरुज्जमां ने जस्टिस फराह महबूब और जस्टिस देबाशीष रॉय चौधरी की पीठ के सामने इस्कॉन की गतिविधियों पर रोक लगाने वाली अर्जी दाखिल की थी।

### भारत-रूस ने सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और रूस के बीच सैन्य तकनीकी सहयोग पर चौथी बैठक में दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के बारे में गहन चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के तहत सैन्य सहयोग पर कार्य समूह की चौथी बैठक रूस के मॉस्को में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को निरंतरता देने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई है।

### हंगामे के बाद बिहार विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में गुरुवार को कुछ सदस्यों के व्यवस्था के अनुरूप नहीं बैठने के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सदस्य भाई वीरेंद्र के ट्रेज़री मेज के करीब पहुंचकर सदन के नेता मुख्यमंत्री के स्थान पर बैठने की कोशिश से बने अराजक माहौल और हंगामे के बाद सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### महिला पुलिसकर्मी की मौत, स्टालिन ने की 25 लाख मुआवजे की घोषणा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में एक महिला पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस दुर्घटना का शिकार हुई महिला पुलिस कांस्टेबल के परिवार को 25 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मंदैयूर थाने में तैनात पुलिसकर्मी विमला (28) दोपहिया वाहन पर सवार होकर पुदुकोट्टई-त्रिची राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा रही थीं। तभी एक चारपहिया वाहन ने उनके दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। श्री स्टालिन ने महिला पुलिसकर्मी की मौत पर गहरा दुख और पीड़ा व्यक्त की और उनके परिवार को सहायता राशि देने की घोषणा की।

### कर्नाटक मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर अटकलें तेज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उनके साथ उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की नई दिल्ली यात्रा ने राज्य में संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर नई अटकलें तेज कर दी हैं। दोनों कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी चर्चा जारी रखी है वहीं राज्य में पार्टी के कई नेताओं ने मंत्रिमंडल में बदलाव को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू कर दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश जारकीहोली ने संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल के बारे में चल रही चर्चाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'ऐसी चर्चाएं हैं कि यह हो सकता है, हालांकि मैं समय के बारे में निश्चित नहीं हूं। विभागों के संभावित परिवर्तनों का संकेत देने वाली रिपोर्टें हैं, लेकिन विवरण स्पष्ट नहीं हैं ये चर्चाएं हो रही हैं। मैंने कोई व्यक्तिगत अनुरोध नहीं किया है, आखिरकार, आलाकमान तय करेगा कि किसे क्या सौंपा जाएगा।'

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही हुई बाधित

# अडानी के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी मामले में बहस कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। हंगामे के चलते लोकसभा 12 बजे तक स्थगित कर दी गई।

पूर्वाह्न 11 बजे सदन के समवेत होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में विजय हुई कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्वाचित चव्हाण रविंद्र वसंतराव को शपथ दिलाई। दोनों सदस्यों की शपथ के बाद श्री बिरला ने प्रश्नकाल शुरू किया लेकिन विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच इकट्ठा हो कर अडानी मामले में तुरंत चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामे के बीच प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की लेकिन हंगामा और तेज हो गया। अध्यक्ष ने सदस्यों को अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि एक विषय उठाने की कोशिश की जा रही है जिससे अपने देश का कोई लेना देना नहीं है। अध्यक्ष के अग्राह के बाद भी सदन में हंगामा नहीं रुका तब सदन की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इधर, अडानी समूह में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर राज्यसभा में गुरुवार को भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले स्थगन के बाद जब प्रश्नकाल के लिए सदन की कार्यवाही शुरू करने का प्रयास किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रियंका ने लोकसभा सदस्यता की शपथ ली, कहा-

## जनता के मुद्दे उठाना प्राथमिकता रहेगी



हमारे लिए संविधान से ऊपर कुछ नहीं

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में विजय घोषित कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरवार को लोकसभा की सदस्यता ग्रहण की। प्रियंका गांधी ने कहा संसद में जनता के मुद्दे उठाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका नाम पुकारा और उन्हें लोकसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। इससे पहले श्रीमती वाड्रा के साथ उनकी मां तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और उनके भाई राहुल गांधी संसद भवन परिसर में पहुंचे। बाद में वह अपने भाई राहुल गांधी के साथ लोकसभा में गई जहां उन्हें सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के बाद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

14वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

# झारखंड के चौथी बार मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में गुरुवार शाम चार बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा।

श्री सोरेन ने झारखंड के सीएम के तौर पर चौथी बार शपथ ली। इसके साथ ही वह झारखंड के राजनीतिक इतिहास में उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गए। वो राज्य के 24 वर्षों के अब तक के इतिहास में चार बार सीएम पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए। इसके पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार सीएम की कुर्सी पर बैठ चुके हैं। हेमंत सोरेन ने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में सीएम पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसम्बर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसम्बर 2019 को शपथ ली थी। 31 जनवरी 2024 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### इंडिया गठबंधन की दिखी एकजुटता

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनकी पत्नी रूपी सोरेन, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मैया सम्मान योजना में मिलेंगे 25 सौ रुपए

झारखंड में नई सरकार के शपथग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने कुछ अहम फैसले लिए हैं। जिसके तहत राज्य सरकारी मैया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए मिलेंगे, ये राशि दिसंबर महीने से लाभार्थी महिलाओं को दी जाएगी। वहीं सरकार के अन्य फैसलों में 9 से 12 दिसंबर तक विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाएगा।

जर्मनी में मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश और बवेरिया के बीच साझेदारी पर किया संवाद

# भारतीय तकनीक और जर्मन विशेषज्ञों के समन्वय से होगा औद्योगिक विकास



जर्मन निवेशकों के साथ समन्वय के लिए प्रदेश में स्थापित होगा संपर्क कार्यालय

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश और बवेरिया के बीच जलवायु नीति से जुड़े संकटों का समाधान, तकनीकी नवाचारों, उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और मध्यप्रदेश के नागरिकों के लिए रोज़गार के अवसर सृजित करने की दिशा में मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। जर्मनी दौरे पर डॉ. यादव ने बवेरिया राज्य के चांसलरी प्रमुख और संघीय एवं यूरोपीय मामलों के साथ मीडिया विभाग के मंत्री डॉ. फ्लोरियन हैरमेन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत की तकनीक और जर्मन के विशेषज्ञों के समन्वय से मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास होगा।

इस मुलाकात में राज्य स्तर पर सहयोग के विभिन्न अवसरों पर चर्चा की गई। चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं डॉ. हैरमेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और जर्मनी के बीच मजबूत होते रिश्तों को आगे बढ़ाने की दिशा में राज्य स्तर पर भी साझेदारी बढ़ाने पर रजामंदी दिखाई। दोनों नेताओं ने तकनीकी नवाचार, सुपरकंप्यूटिंग, ऑटोमोटिव सेक्टर, एरोनॉटिक्स और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग के पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के मंडीदीप और पीथमपुर में पहले से मौजूद जर्मन निवेशकों के सुगम समन्वय के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में एक विशेष राज्य सरकारी संपर्क कार्यालय स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा की।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं औद्योगिक प्रतिनिधि मंडल का जर्मनी के म्यूनिख पहुंचने पर भारत के कौंसलेट जनरल शत्रुघ्न सिन्हा और भारतीय संघ के अध्यक्ष राणा हरगोविंद सिंह एवं अन्य भारतवंशियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी पांचवीं वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में आज दुनिया के सामने है। यह अपने आप में प्रमाण है कि जर्मनी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### उम्मीदों से बेहतर रही जर्मनी में हमारी शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जर्मनी और मध्यप्रदेश का आपसी सहयोग औद्योगिक क्रांति के नए द्वार खोलने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जर्मनी की बवेरिया स्टेट के चांसलर डॉ. हैरमेन के साथ विस्तार से बात हुई है। मध्यप्रदेश में जर्मन एक्सपर्ट्स आयेंगे, साथ ही टेक्नोलॉजी भी उपलब्ध करवायेंगे। दोनों देश आपसी समन्वय से मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि जर्मनी का हमारे देश से पुराना संबंध रहा है। दुनिया में यह सभ्यता अलग ढंग से जानी जाती है।

### जर्मन भाषा के लिए खोलेंगे भाषा संस्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने म्यूनिख स्थित बवेरिया स्टेट चांसलरी सरकार राजनैतिक नेतृत्व के साथ संवाद किया। जर्मनी और मध्यप्रदेश सरकार के समन्वय से रोजगार के नए आयाम स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 8.50 करोड़ की जनसंख्या वाला देश जर्मनी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद तकनीकी दक्षता के साथ जिस रूप में दुनिया के सामने उभरा वह आदर्श है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में काम के अनेक अवसर तो हैं, परंतु भाषाई चुनौती भी है। इसको दूर करने के लिए हम मध्यप्रदेश में लैंग्वेंज इंस्टीट्यूट खोलने की योजना बना रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसरों के लिए भाषा चुनौती नहीं बनें और मध्यप्रदेश तथा जर्मनी के अधिकारियों के मध्य समन्वय के साथ भाषाई सहजता से काम हो सके।

### वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति को रिपोर्ट के लिए बजट सत्र तक मिला समय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में गुरुवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर बनी संयुक्त समिति को रिपोर्ट देने की समयावधि बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया, इसके तहत समिति अब आगामी बजट सत्र तक रिपोर्ट दे सकेगी। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समयावधि बजट सत्र, 2025 के अंतिम दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस पर पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नटी ने प्रस्ताव पारित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# दिल्ली में क्राइम ब्रांच ऑफिस के पास धमाका

- 2 माह में एक जैसे 2 धमाके, सफेद पाउडर कॉमन फैक्टर
- स्पेशल सेल की जांच में मदद करेगी एनआईए

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश की राजधानी में एक बार फिर बम धमाका हुआ है। इस बार धमाका क्राइम ब्रांच के ऑफिस के पास हुआ है। धमाका पार्क की बाउंड्री वाल के पास हुआ है। मौके पर सफेद पावडर जैसी चीज बिखरी हुई मिली है। ऐसा ही पाउडर प्रशांत विहार सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाके के बाद मिला था।

इससे पहले दिल्ली के रोहिणी इलाके में ही सीआरपीएफ स्कूल के पास 20 अक्टूबर को करवा चौथ की सुबह करीब 7:30 बजे धमाका हुआ था। सीआरपीएफ स्कूल की दीवार और गाड़ियां डैमेज हुई थीं। इसकी जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन ने टेलीग्राम के जरिए ली थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्कूल की दीवार के पास पॉलीथिन बैग में विस्फोटक रखा गया था। पिछले धमाके और इस धमाके में कई समानताएं है। इसलिए ही इन धमाकों से कई सवाल उठ रहे हैं। स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक जिस तरह से पिछला धमाका सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ था, वैसा ही लो तीव्रता वाला ब्लास्ट इस बार हुआ है। धमाके के बाद स्पेशल सेल ने मौके से सफेद पावडर बिखरा हुआ बरामद किया था। पहले वाले धमाके के समय भी कुछ खास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### शाह से नहीं संभल रही कानून व्यवस्था : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर गृह मंत्री पर जमकर निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अमित शाह अपने घर से 20 किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं, तो देश की सुरक्षा व्यवस्था क्या संभालेंगे। अगर अमित शाह से दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था नहीं संभल रही है तो इसकी जिम्मेदारी किसी और को दे दें।

उप्र डीजीपी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# ऐसा आदेश देंगे, जीवन भर याद रहेगा

### बेंच ने कहा- उप्र पुलिस 'ताकत का आनंद' ले रही है, उसे संवेदनशील बनने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई मामलों के एक आरोपी की याचिका को सुनते हुए गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस के रवैए पर कड़ी नाराजगी जताई। अनुराग दुबे उर्फ डब्बन नाम के इस आरोपी को सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ नया मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस वजह से उस पर फिर से गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी और वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पुराने मामले की जांच में शामिल नहीं हो पा रहा था। जस्टिस सूर्य कांत और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने सुनवाई के दौरान



कहा कि यूपी पुलिस 'ताकत का आनंद' ले रही है। उसे संवेदनशील बनने की ज़रूरत है. अधिकारी यह समझ नहीं रहे हैं कि वह एक खतरनाक क्षेत्र में दाखिल हो रहे हैं। याचिकाकर्ता पर एक के बाद एक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। एक मामले में तो रजिस्ट्री के जरिए खरीद के बावजूद ज़मीन पर कब्जे का केस बना दिया गया है।

2 जजों की बेंच ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए यूपी सरकार के लिए पेश वरिष्ठ वकील राना मुखर्जी से कहा, आप अपने डीजीपी को बता दीजिए कि अगर याचिकाकर्ता को छुआ गया, तो ऐसा आदेश देंगे कि वह जीवन भर याद रखेंगे। यह नहीं चल सकता कि आप हर बार याचिकाकर्ता पर नया केस फाइल कर दें। हमने उसे अंतरिम राहत देते हुए जांच में सहयोग के लिए कहा है। उसे ऐसा करने दीजिए।

उप्र के फर्रुखाबाद के रहने वाले डब्बन और उसके भाइयों के खिलाफ कई केस दर्ज हैं. डब्बन ने मारपीट, धमकी और संपत्ति में अवैध तरीके से घुसने के एक मामले को रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने केस रद्द नहीं किया था, लेकिन यह कहा था कि फिलहाल उसकी गिरफ्तारी न हो। कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा था कि वह याचिकाकर्ता को अग्रिम जमानत देने पर विचार करेगा।

### दिल्ली-एनसीआर में 2 तक लागू रहेगा ग्रैप 4

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार तक ग्रैप 4 लागू रहेगा। प्रदूषण मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यह आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग स्थिति का जायजा लेकर सुझाव दे। सोमवार को ग्रैप प्रावधानों में ढील पर विचार होगा। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने अपनी तरफ से नियुक्त 13 कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट देखी. कोर्ट कमिश्नरों ने बताया कि दिल्ली के कई एंट्री पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरा नहीं है, चेकपोस्ट भी नहीं हैं। प्रतिबंधित ट्रक वहां से प्रवेश के रहे हैं, जहां चेकपोस्ट है, वहां से भी एक ऐसा मामला सामने आया जहां आटे की बोरियों के नीचे सीमेंट रख कर ले जाया जा रहा था।

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यसभा को दी जानकारी

# केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को राज्यसभा में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5,100 से अधिक शिक्षण पद रिक्त हैं।

मंत्री ने कहा, 31 अक्तूबर तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5,182 शिक्षक पद रिक्त थे। विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 7,650 से अधिक शिक्षक पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा, रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। ये रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं; पदों को भरने की जिम्मेदारी केंद्रीय विश्वविद्यालयों पर है। मजूमदार ने कहा कि मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमित रूप से संस्थानों की निगरानी करते हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों को नियमित रूप से रिक्तियों को भरने का निर्देश दिया गया है। यूजीसी ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्तियों/विज्ञापनों/नौकरियों की सूची के लिए एक साझा मंच प्रदान करने हेतु मई, 2023 में सीयू-चयन नामक एक एकीकृत भर्ती पोर्टल लॉन्च किया है।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### उत्कृष्ट विद्यालय केसला में संविधान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता हुई, पोस्टर प्रदर्शनी भी लगी

**इटारसी, देशबन्धु।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी विकासखंड केसला स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील सक्सेना की



मौजूदगी में अनेक सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम में स्कूल के छात्राओं ने भागीदारी की। इस दौरान मुख्य रूप से भाषण, पोस्टर प्रदर्शनी के अलावा विविध प्रकार की स्पर्धा संपन्न हुई। वहीं संविधान दिवस पर स्कूल स्टाफ एवं छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कार्य के प्रति अत्यंत लापरवाही बरतने पर कूकड़ी के प्रभारी प्रधान पाठक निलंबित

**इटारसी, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम संजय दिवेदी ने रामदास जिनोरिया, प्राथमिक शिक्षक, प्रभारी प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कूकड़ी, आदिवासी विकासखंड केसला, नर्मदापुरम को अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी केसला द्वारा जांच कर, प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार रामदास जिनोरिया प्राथमिक शिक्षक प्रभारी प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कूकड़ी, की नियमों के विपरीत व शासकीय नियमों के प्रति अत्यंत लापरवाही पाई गई। श्री जिनोरिया का उक्त कृत्य कदाचरण की श्रेणी में होने के कारण सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी केसला नियत किया है। निलंबन अवधि में श्री जिनोरिया को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने शासकीय प्राथमिक शाला कूकड़ी के प्रभारी प्रधान पाठक का संपूर्ण प्रभार विद्यालय में पदस्थ श्रीमती मंजू यादव, प्राथमिक शिक्षक को अपने कार्य के साथ-साथ अस्थायी रूप से सौंपा है।

### किसानों ने भारतीय किसान संघ के महामंत्री का स्वागत कर चर्चा की



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहन मिश्रा जबलपुर से लौटते हुए दिल्ली जाने के दौरान भारतीय किसान संघ नर्मदापुरम के पदाधिकारी ने संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत किया और किसानों की समस्या बाबत उनसे चर्चा की। उनसे आग्रह किया कि वह अति शीघ्र नर्मदापुरम जिले का दौरा बनाएं और यहां पर किसानों की समस्याओं को जानें।

प्रमुख रूप से नर्मदापुरम जिले में पैदा होने वाली बासमती धान के जीआई टैग, बारधा केसला सिंचाई योजना में आदिवासी किसानों से भेंट करने के साथ ही जिला प्रशासन के साथ बैठक पराली जलाने की समस्या के वैकल्पिक उपाय खोजने आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। नर्मदापुरम आगमन के संबंध में उन्होंने आश्वासन दिया है कि वह शीघ्र ही अपना दौरा कार्यक्रम बनाएंगे। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह राजपूत, संभागीय प्रचार प्रसार प्रमुख उदय पांडे, जिला उपाध्यक्ष लखन चौधरी, युवा वाहिनी संयोजक राजकुमार राजपूत, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य शिव मोहन सिंह, जिला प्रचार प्रमुख ललित चौहान, जिला सदस्य जितेंद्र तोमर, युवा वाहिनी सहसंयोजक सूर्यांश रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष श्याम शरण तिवारी आदि पदाधिकारी शामिल थे।

### प्री मैट्रिक के आवेदनों के सत्यापन की अंतिम तिथि कल

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दि०?यांग विद्यार्थियों के लिये संचालित प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना के आवेदन अधिक संख्या में सत्यापन हेतु संस्था स्तर पर लंबित है। बताया गया कि प्री मैट्रिक योजनांतर्गत कक्षा 9वी एवं 10वीं के आवेदनो की संस्था द्वारा ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर पोस्ट मैट्रिक योजनांतर्गत कक्षा 11वीं से स्नातकोत्तर स्तर तक आवेदनों की संस्था द्वारा ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर एवं टॉप क्लास योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा चिन्हित संस्थानों में अध्यनरत दिव्यांग विद्यार्थीयो के आवेदनों की संस्था द्वारा ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है। तत्संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. बबीता राठौर ने प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि संस्था द्वारा ऑनलाईन सत्यापन कार्य समय सीमा में शत प्रतिशत पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज कराने एवं उक्त आवेदनों को संबंधित शैक्षिक संस्थानों से ऑनलाइन शत प्रतिशत सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।

# कैदी का जुर्माना माफ कराने घर गए आरआइ की भाई ने कर दी पिटाई

**इटारसी, देशबन्धु।** एक आपराधिक मामले में जेल में बंद कैदी का जुर्माना शासन से माफ कराने गए राजस्व निरीक्षक की कैदी के भाई ने ही पिटाई कर दी। राजस्व निरीक्षक हमले से काफी घबराए गए थे। उन्होंने भागते हुए एक स्कूल में छिपकर अपनी जान बचाई। राजस्व निरीक्षक ने पुलिस थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार नाला मोहल्ला निवासी प्रीतम उर्फ विक्रम मेहरा पिता रामप्रकाश मेहरा किसी मामले में जेल की सजा काट रहा है। 15 नवंबर को उसकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन मामले में न्यायालय से हुए जुर्माने की राशि जमा न करने के कारण वह जेल से



रिहा नहीं हो सका है। जेल विभाग की योजना के अनुसार किसी कैदी की माली हालत ठीक नहीं होती है, तो जांच के बाद शासन की रिपोर्ट पर उसका जुर्माना माफ कर उसे रिहा कर देते हैं।

**स्कूल में छिपकर बचाई जान-** इसी मामले में जेल से आई रिपोर्ट की जांच करने के लिए राजस्व निरीक्षक चंद्रशेखर बाथरे गुरूवार शाम नाला मोहल्ला में प्रीतम के घर की हालत जांचने के लिए गए थे। पूछताछ करने के दौरान नशे में धुत प्रीतम के छोटे भाई भूरा और एक अन्य साथी ने आरआइ की जमकर पिटाई कर दी। वह घबराकर भागकर पास के एक स्कूल में जाकर छिप गए।

**आरआइ को लगी चोटें-** मारपीट को लेकर बाथरे ने इस घटना की शिकायत एसडीएम सहित तहसील के अधिकारियों से की है। पुलिस ने जख्मी आरआइ का मेडीकल कराया है। उनके हाथ और घुटने में चोट आई है।

# मेहरा समाज महासंघ करेगा बर्तन बैंक का संचालन

## जिलाध्यक्ष ने अपने माता-पिता की स्मृति में की घोषणा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों संगठन को प्रदान कराये बर्तन

**इटारसी, देशबन्धु।** मेहरा समाज महासंघ बर्तन बैंक का संचालन करेगा। इसकी शुरुआत संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. श्रीराम निवारिया ने अपने पिता देवचंद बाजीलाल निवारिया एवं माता श्रीमती रामबाई निवारिया की स्मृति में आयोजित स्मृति उत्सव में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके मेहरा के हाथों करायी। डॉ. निवारिया ने अपने परिवार की ओर से 100 बर्तन इसी उत्सव में संगठन को प्रदान कराये।

स्मृति-उत्सव में मेहरा महासंघ के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष डॉ श्रीराम निवारिया ने अपने पिता देवचंद बाजीलाल निवारिया एवं मां श्रीमती रामबाई निवारिया की स्मृति में स्नेह भोज का आयोजन किया। पांच सौ से अधिक सामाजिक सदस्यों की मौजूदगी वाले इस कार्यक्रम में डॉ निवारिया ने डिस्पोजल का उपयोग नहीं करके समाज को भी पर्यावरण सुधार की दिशा में ऐसे ही आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। इस दिशा में कदम उठाते हुए माता-पिता की स्मृति में स्टील के 100 गिलास खरीद कर रखे गए।

कार्यक्रम में मेहरा समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके मेहरा के हाथों, बर्तन-बैंक की औपचारिक घोषणा की



गई। श्री मेहरा ने निवारिया परिवार की इस पहल बर्तन बैंक की सराहना करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने की दिशा में अच्छा कदम बताया एवं कहा, समाज को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मेहरा समाज महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक रोहले, जिला महासचिव गणेश उपरारिया, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रोहित नागे, युवा कार्यकारिणी राष्ट्रीय महासचिव दीपक पवार, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा, महेश हनोतिया सहित सभी सामाजिक सदस्यों, मित्रों, परिचितों का डॉ. निवारिया ने आभार व्यक्त किया।

# एकलव्य स्कूल में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आगाज

**इटारसी, देशबन्धु।** आदिवासी ब्लॉक केसला के अंतर्गत एकलव्य स्कूल भरगदा में चौथी ईएमआरएस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आगाज विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने किया। खिलाड़ियों ने फुटबॉल, हैंडबॉल, वालीबाल, योगासन, टेबल टेनिस, शतरंज, खो-खो में अपना जौहर दिखाया। भोपाल, इंदौर, शहडोल, जबलपुर की बालिका एवं बालक टीम ने हिस्सा लिया।

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे लिए बहुत आवश्यक है। खेल प्रतिभाओं को हमेशा सहयोग करना चाहिए। साहू समाज प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी रुचि लेना चाहिए। खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। अध्यक्षता संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्यालय जेपी यादव ने की। विधायक प्रेमशंकर वर्मा, अतिथि साहू समाज प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू, जनपद अध्यक्ष गंगाराम कलमे, सुशील बरखड़े, अजय साहू





आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता विजेता टीम रायपुर छत्तीसगढ़ में होने बाली चौथी ईएमआरएस खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। एकलव्य स्कूल की प्राचार्य मीनू नागर ने अतिथि एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने वाले एकलव्य स्कूल स्टाफ का सराहनीय कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# वेस्ट सेंट्रल मजदूर संघ ने मान्यता चुनावों को लेकर कई विभागों में की कर्मचारियों से भेंट

**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल मजदूर संघ मुख्य शाखा की द्वारसभा बिजली ऑफिस 12, बंगला इटारसी में हुई। मान्यता के चुनाव को देखते हुए संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के आह्वान पर राजेश पांडे, रेलवे कर्मचारियों को जोड़ रहे हैं। इटारसी के भागीरथ मीणा, संजय कैचे, कुंदन, अगलावे, महाकाल कश्यप, नितिन ओंकार के नेतृत्व में आज बिजली ऑफिस 12 बंगला में आम सभा हुई। संचालन मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर ने किया।

मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, सचिन योगेश चौरे, अर्जुन ऊंटवार, संतोष चतुर्वेदी, संतोष दुबे, गुलाब सरोदे, रविंद्र चौधरी, महेंद्र कुशवाहा ,पीडब्ल्यूआई भैरवा, दिनेश मौर्य उपस्थिति थे। सभा



में बिजली ऑफिस के समस्त रेलवे कर्मचारियों को युवा साथियों को यह बताया कि एनपीएस और यूपीएस केवल लाल झंडे की देन है। अशोक शर्मा महामंत्री वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ प्रथम दिन से ही समस्त रेलवे कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम दिलाने प्रयासरत हैं। सैकड़ों युवाओं ने गाय को जिताकर प्रथम नंबर लाने की अपील की। उक्त जानकारी मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने दी।

**चीफ एग्जीक्यूटिव मीटिंग कल -** भोपाल के नर्मदा क्लब में कल चीफ एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग होगी जिसमें अध्यक्ष नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेंस गुमान सिंह उपस्थित होंगे।

# वात्सल्य भवन में सीबीएस शिविर का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** अधिकारों की राह अपनाएं, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार की थीम के अंतर्गत योर्स सोशल सोसायटी लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना बैतूल द्वारा आमला के महिला एवं बाल विकास के वात्सल्य भवन में सीबीएस शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में जिसमें 60 महिला एवं 32 पुरुषों की एचआईवी सिफीलिस की जांच, टीवी की स्क्रीनिंग एवं टीवी के सेंपल एकत्रित किए गए। साथ ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच भी की गई, जिसमें सभी महिलाओं और पुरुषों की जांच नेगेटिव पायीं गई।

शिविर में जनपद सदस्य श्रीमति सीमा बेले, विकासखंड परियोजना अधिकारी निर्मल शर्मा, सुपरवाइजर रोशनी धुर्वे एवं कार्यक्रम प्रबंधक निर्देश मदरेले उपस्थित थे। शिविर के दौरान मुख्य अतिथियों ने कहा कि विकसित भारत के लिए एक स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने की दिशा में एक दृढ़ कदम उठाते हुए यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सराहनीय प्रयास है। समुदाय को व्यापक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल एक स्वस्थ समाज की दृष्टि से सहज रूप से जुड़ी हुई है। निर्देश मदरेले ने बताया कि





स्वास्थ शिविर परिवर्तनकारी स्वास्थ्य सेवा प्रयास के लिए एक पहल है, जिसमें सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर जोर दिया जाता है। आवश्यकता है तो सिर्फ स्वयं रोगियों से जुड़कर उनकी भलाई को समझने के लिए एक ईमानदार प्रतिबद्धता का।

शिविर के दौरान उपस्थित समुदाय को स्वास्थ के प्रति सजग रहने एवं अपने आस पास के लोगों को भी स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी लोगों को विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई और एचआईवी के बारे में बताया गया। कैंप मैं मुख्य रूप से पर्यवेक्षक वर्षा पवांर, मनोज शर्मा विकास खंड समन्वयक, अंजिता गाडरे आशा कार्यकर्ता, रानी सूर्यवंशी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं योर्स सोशल सोसायटी बैतूल टीआई परियोजना से एकाउंटेंट वैभव मालवी, काउंसलर वर्षा खातरकर, ओआर डब्ल्यू, छाया प्रजापति, भाग्यश्री तालमपुरिया, भाग्यश्री नामदेव, अभिषेक सोनी, एवं उस क्षेत्र की पीयर्स रजिया बी की उपस्थिति में कैंप का सफल आयोजन किया गया।

# संभागायुक्त ने अनुविभागीय अधिकारी हरदा को किया निलंबित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने श्री श्रवण गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. हरदा को अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होकर मनमाने ढंग से कार्य करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. हरदा द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होकर मनमाने ढंग से कार्य करने एवं जन प्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों के प्रति उनका दुर्व्यवहार कार्य के प्रति उदासिनता रखने पर कलेक्टर जिला हरदा के प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों की गंभीरता के दृष्टिगत रखते हुए संभागायुक्त ने श्रवण कुमार गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी, लो.नि.वि. हरदा जिला हरदा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला हरदा नियत किया गया है।

# सभापति ने डेंगू से बचने वार्डवासियों को दिये सफाई रखने के सुझाव

**इटारसी, देशबन्धु।** पार्षद गीता पटेल ने वार्ड 22 में भ्रमण कर डेंगू से बचाव की जानकारी दी। रुके हुए पानी, नालियों की सफाई कराई। जल सभापति गीता पटेल ने कहा कि नल जिसमें टोटी नहीं है, उसमें टोटी लगाई जाए और जहां लीकेज हैं, उसे तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने वार्ड वासियों से अपील की है कि वह अपने घरों के सामने पानी को जमा न होने दें जिससे डेंगू के मच्छर उत्पन्न हों। डेंगू से बचाव के लिए सुझाव दिए।



बता दें कि लंबे समय से शहरी एवं आसपास के क्षेत्र में डेंगू की दस्तक को देखते हुए शहर के वार्ड क्रमांक 22 के अंतर्गत आने वाले बसीगत वाले इलाकों में वार्ड पार्षद एवं नगरपालिका कीजल सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल विशेष सफाई करा रही हैं। इस दौरान वार्ड 22 के विभिन्न क्षेत्र में गुरुवार की सुबह वार्ड पार्षद श्रीमती गीता पटेल एवं प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल ने सफाई कर्मचारियों की टीम के सहयोग से नाली सफाई कराई।

उन्होंने वार्ड वासियों से स्वच्छ वातावरण रखने की बात कही गई है। वार्ड पार्षद एवं जल सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल ने बताया कि देखने में आ रहा है कि लंबे समय से शहर में डेंगू की बीमारी के फैलने की स्थिति बन रही है जिसको देखते हुए निरंतर वार्ड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में विशेष साफ सफाई कराई जा रही है, इसके साथ ही डीडीटी पाउडर छिड़काव किया जा रहा है और वार्ड वासियों से विशेष साफ सफाई रखने की अपील की गई है।

## संभाग आयुक्त 4 दिसम्बर को अधिकारियों की बैठक लेंगे

**हरदा, देशबन्धु।** आयुक्त नर्मदापुरम् संभाग केजी तिवारी की अध्यक्षता में जिला हरदा की राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 4 दिसम्बर को आयोजित की गई है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दो चरणों में होगी। उन्होने बताया कि प्रात: 10:30 बजे से राजस्व, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सामाजिक न्याय तथा श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी जबकि दोपहर 1 बजे से नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, आयुष, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी बैठक में अनिवार्यत: उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

## सिटी कोतवाली ने की दो सटोरियों पर कार्यवाही

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त अराधियों पर लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है । गुरूवार को कोतवाली पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर दो सटोरियों पर कार्यवाही की गई । सिटी कोतवाली प्रभारी अनिल गुर्जर ने बताया कि सूचना मिली थी की कुल हरदा में एक महिला सट्टा लिख रही है सूचना को तत्काल एक्शन लेते हुये इस सबंध महिला पुलिस अंजना पाटिल थाना प्रभारी महिला थाना के साथ कुल हरदा में दबिश देकर उक्त महिला को सट्टा लिखते पकड़ा आरोपी महिला रमा बाई पति हरिशंकर दमाड़े उम्र 47 साल निवासी कुल हरदा से कुल 1720 रूपये एवं सट्टा लिखी पर्ची एवं अन्य सट्टा सामग्री जप्त की गई । वही एक अन्य सूचना पर दूध डेयरी गली नं. 7 मे मुकेश गौहर पिता अशोक गौहर को सट्टा लिखते पकड़ा जिससे 730 रूपये एवं सट्टा लिखी पर्ची जप्त की गई दोनों आरोपीयो के विरूद्ध पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट की धारा 4 क के तहत मामला दर्ज किया गया

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को

**हरदा, देशबन्धु।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 दिसम्बर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों में से आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस जैसे विषयों की समीक्षा भी करेंगे। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में इस बार गृह विभाग के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट न लिखना, एफ.आई.आर. विलम्ब से लिखना तथा एफआईआर सही धाराओं में न लिखने संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा समाधान ऑनलाइन में श्रम विभाग की मध्यप्रदेश असंगठित शहरी ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना, राजस्व विभाग के नामातंरण एवं बंटवारे संबंधी मामले, ऊर्जा विभाग के बिजली न आने व वोल्टेज से संबंधित मामले, बिल में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गांवों में साफ-सफाई न होने, शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, नहरों के माध्यम से सिंचाई, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

## किसानो को तकनीकी सलाह प्रदान करने निगरानी दल गठित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रबी 2024-25 में फसलो की स्थिति कीटव्याधि प्रकोप का निरीक्षण एवं नियंत्रण तथा कृषको को तकनीकी मार्गदर्शन हेतु कलेक?टर सोनिया मीना ने द्वारा निगरानी दल (डायग्नोस्टिक टीम) का गठन किया गया है। यह दल निर्धारित विकासखंडो में सतत फील्ड भ्रमण कर फसल स्थिति, कीट व्याधि प्रकोप का निरीक्षण एवं आवश्यक तकनीकी सलाह किसानो को देगें।

जारी आदेशानुसार नर्मदापुरम अनुभाग अंतर्गत विकासखंड नर्मदापुरम, सिवनीमालवा, केसला एवं माखननगर के निगरानी दल में डॉ. केके मिश्रा वरि. पौधरोग विशेषज्ञ जे. कृ. अनु. केन्द्र पवारखेडा, डॉ. ए.एस. निनामा कृषि वैज्ञानिक कृ. महाविधालय पवारखेडा, राजीव यादव अनु. कृषि. अधि. नर्मदापुरम एवं गोविंद मीना सहा. परि संचा. परि.संचा. आत्मा नर्मदापुरम सदस्य होंगे। इसी तरह पिपरिया अनुभाग अंतर्गत विकासखण्ड पिपरिया, सोहागपुर एवं बनखेडी के निगरानी दल में डॉ. संजीव गर्ग कृषि वैज्ञानिक प्रभारी केव्ही. के. बनखेडी, डॉ. ब्रजेश नामदेव कृषि वैज्ञानिक के.व्ही. के. बनखेड़ी, डॉ. विनोद कुमार वरि कृषि वैज्ञानिक जे.कृ.अनु. केन्द्र पवारखेडा, देवीदीन पटेल कृषि वैज्ञानिक केव्ही. के. बनखेड़ी, जेएल कास्दे अनु. कृषि. अधि. पिपरिया एवं चेतन मातीखाये सहा. संचा. कृषि उप संचालक कृषि नर्मदापुरम सदस्य होंगे।

कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि उक्त निगरानी दल रबी वर्ष 2024-25 में फसलो की स्थिति, कीटव्याधि का निरीक्षण कर नियंत्रण हेतु आवश्यकतानुसार किसानो को तकनीकी सलाह प्रदान करेगें एवं एडवायजरी जारी करेंगे। तथा भ्रमण पश्चात रिपोर्ट उप संचालक कृषि, नर्मदापुरम को प्रेषित करेगें। प्रत्येक दल सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से फील्ड भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिका ने 7 कचरा गाड़ियां खरीदी



**हरदा, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिका परिषद् हरदा द्वारा नवीन 7 कचरा गाड़ियां खरीदी गई है। कचरा गाड़ियो को पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती राजू कमेड़िया एवं पार्षदगण द्वारा पूजा कर हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। जिससे शहर के सभी वार्डो से निकलने वाले कचरे को व्यवस्थित तरीके से कचरा प्लांट पर भेजा जा सकेगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार , पार्षद-लोकेष राव मराठा, मनोज महलवार, सुनिल बघेला , नर्मदा प्रसाद चौरसिया , विनोद गुर्जर , संदीप पाराशर ,कुवरसिंह सानिया , देवीसिंग सांखला , राजू कमेडिया ,बिन्दु विनोद गुर्जर , मीरा कुचबंदिया , अनीता राठौर , अंजना पाराशर आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय जेल में हुआ प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जेल प्रशासन ने बंदियों



को प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, सेठा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से बुधवार से आयोजित किया। जिसमें प्रथम दिवस बंदियों को फर्स्ट ऐड सम्बन्धी जानकारी दी गयी, साथ ही बताया गया की दुर्घटना की दृष्टि से क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। द्वितीय दिवस बंदियों को चोट लगने पर ड्रेसिंग प्रक्रिया के बारे में, इंजेक्शन कैसे लगाया जाता है, जलने के केस में क्या प्रीकॉशन्स लेने चाहिए, बीपी, शुगर आदि की जांच कैसे की जाती है, फिट्स आने पर क्या करना चाहिए आदि के बारे में जानकारी दी गयी। डॉ. मयंक व्यास के साथ समाजसेवी / हेल्थ एक्टिविस्ट डॉ. मयंक तोमर, विनीत मेहरा, अभिषेक जैन, कृष्ण कुमार यादव आदि ने सहयोग किया। प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर में समस्त जेल स्टाफ की ओर से जेल उप अधीक्षक ऋतुराज सिंह दांगी ने सभी अतिथियों का आभार माना।

### प्रवेश पत्र का वितरण जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** महा प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नर्मदापुरम ने बताया कि 7 दिसम्बर को आईटीआई परिसर में आयोजित होने वाली रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए प्रवेश हेतु 25 नवम्बर तक जिन प्रतिभागियों ने ऑनलाईन पंजीयन कराया था, उन नर्मदापुरम जिले के प्रतिभागियों को प्रवेश पत्र का वितरण जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नर्मदापुरमके कार्यालय में प्रतिदिन (अवकाश दिवस सहित) प्रातः11ःबजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। प्रतिभागी अपना प्रवेश पत्र अपनी पहचान पत्र दस्तावेज आई कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं पैन कार्ड आदि में से कोई एक दिखाकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

# शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे: कलेक्टर

## सभी अधिकारी,कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे, यह बात कलेक्टर सोनिया मीना ने ग्राम पंचायत शोभापुर, ढिकवाड़ा, तिघड़ा, माछा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के सघन निरीक्षण के दौरान कही। गुरुवार को कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी आवश्यकताओं तथा समस्याओं को समझा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने और शासन की योजनाओं को सही ढंग से लागू करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में कचरा प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने पंचायतों में कचरा प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण किए जाने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों में बेहतर एवं प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करें। सीएमओ नगर पालिका से समन्वय स्थापित कर सभी सचिव जीआरएस एवं इंजीनियर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना और मॉडल की प्रक्रिया को समझें। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों के कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। सचिव ग्राम पंचायत शोभापुर ने बताया कि पंचायत अंतर्गत 298 कार्ड के विरुद्ध 282 कार्ड बनाए जा चुके है शेष प्रकरणों में तकनीकी त्रुटि सुधार कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देशित किया है की 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगो के कार्ड के अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना के अन्य प्रकरणों में भी सक्रियता से कार्य किया जाता रहे। आधार, फिंगरप्रिंट से संबंधित समस्याओं के लिए कियोस्क संचालक से समन्वय कर उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित यह योजना बहुत ही हितकारी एवं आवश्यक योजना है। योजना में कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान दे। कलेक्टर ने पेंशन प्रकरणों में शत प्रतिशत ई केवाईसी सेचुरेशन किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित नल जल योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान योजना के पात्र हितग्राहियों के ई केवाईसी समय रहते हुए पूर्ण किए जाने का कार्य तथा मृत्यु हो चुके या स्थानांतरित हो चुके हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल से डिलीट किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि स्थानांतरित हो चुके तथा केवाईसी के लिए शेष बचे हुए हितग्राहियों को तहसील स्तर से पृथक रूप से सूचित किया जाए।

ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि कुछ स्थानों पर नल जल योजना के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मरम्मत नहीं किया गया है जिससे आवागमन में व्यवधान उत्पन्न होते हैं तथा कुछ नल जल कनेक्शन अभी भी कार्य नहीं कर रहे हैं। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया है कि हैंडोवर किए हुए कार्य अगर



अक्रियाशील है, तो ऐसे नल जल कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करें साथ ही नल जल योजनाओं के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य भी समय रहते हुए किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सख्त हिदायत दी है कि इस प्रकार की लापरवाही से शासन प्रशासन की छवि पर गलत प्रभाव पड़ता है इसलिए समय पर सभी योजनाओं को पूर्ण करते हुए तत्काल सड़कों का रेस्टोरेशन भी किया जाए। नल जल योजना अंतर्गत सभी यंत्री एवं उप यंत्री तथा अधिकारी रुचि लेकर कार्यों को संपादित करें। ठेकेदार द्वारा अगर कार्य नहीं किया जा रहा है तो उनके कॉन्ट्रैक्ट निरस्त करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने अनु विभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर को निर्देशित किया कि नियमित रूप से जल जीवन मिशन की समीक्षा करते रहें।

कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायत में राजस्व महाभियान 3.0 अंतर्गत की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान कोई भी राजस्व अधिकारी, आर आई, पटवारी आदि कर्मचारी किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। समय रहते हुए आवेदनकर्ताओं के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ग्राम पंचायत शोभापुर, ढिकवाड़ा, तिघड़ा, माछा आदि ग्रामों में राजस्व महा अभियान 3.0 की कार्य प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत शोभापुर एवं ढिकवाडा मैं अभियान के तहत किया जा रहे कार्यों में लक्ष्य अनुरूप प्रगति न किए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं करने वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश तहसीलदार सोहागपुर को दिए। फार्मर रजिस्ट्रेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि इस कार्य को अति गंभीरता तथा सजगता से किया जाए। फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन जनरेट किए जाने के लिए घर-घर जाकर किसानों से सतत रूप से संपर्क साधा जाए तथा उन्हें इसकी उपयोगिता तथा आवश्यकता के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराए। सभी पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस आपसी तालमेल से आधार आर ओ आर एंट्री की कार्यवाही सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम वासियों की राजस्व संबंधी भ्रांतियां का भी समाधान किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंचकर कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सैम/मैम बच्चों की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी कार्यकर्ता पोषण ट्रैकर एप पर नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आंगनबाडी केन्द्रों पर भी बच्चों से बात की। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में खाद वितरण की भी समीक्षा की तथा सोहागपुर कैश सेल प्वाइंट तथा सेमरी हरचंद डबल लॉक गोदाम पर खाद की वर्तमान उपलब्धता की जानकारी भी एसडीएम सोहागपुर से प्राप्त की। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि राशन आपके ग्राम योजना के लिए संलग्न वाहन नियमित रूप से घर राशन वितरित करें इसके लिए नियमित रूप से उनकी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत आदि की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी को निर्देशित किया है कि बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। नियमित रूप से शालाओं का निरीक्षण करें तथा आगामी परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त करें।

### निर्माणाधीन सीएम राइस स्कूल सोहागपुर का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने निर्माणाधीन सीएम राइस स्कूल सोहागपुर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विभिन्न निर्माण खंडों का बारीकी से निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने स्कूल के निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित होना चाहिए, ताकि छात्रों को एक बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सोहागपुर असवन राम चिरामन, तहसीलदार राकेश खजुरिया, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने चौपाल लगाकर ग्रामिणो की समस्याओं को सुन। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। ग्राम पंचायत शोभापुर के ग्रामीणों द्वारा नल जल योजना के कारण क्षतिग्रस्त की गई सड़कों के रेस्टोरेशन न किए जाने की समस्या कलेक्टर के समक्ष रखी गई। कलेक्टर ने ई पीएचई को निर्देशित किया है कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई सड़क का रेस्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करवाए तथा सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर उक्त कार्य की मॉनीटरिंग कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी प्रकार ग्राम ढिकवाड़ा के कृषकों द्वारा दिकवाड़ा माइनर नहर की साफ सफाई न होने के कारण नहर में पानी का प्रवाह बाधित होने की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने एसडीएम सोहागपुर तथा उपयंत्री जल संसाधन को निर्देशित किया है कि उक्त क्षेत्र में मशीन द्वारा साफ सफाई करवाते हुए पानी का प्रभाव सुचारू करवाया जाए। ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा अंतर्गत नाली निर्माण का कार्य लंबित होने की शिकायत, ग्राम के लाल सिंह कुशवाहा द्वारा परिवार आईडी से समग्र आईडी अलग किए जाने की समस्या का समधान किए जाने के लिए कलेक्टर से गुहार की। साथ ही साथ ग्रामीणों ने गांव में शमशान घाट निर्माण के लिए भी कलेक्टर के समक्ष अपनी मांग रखी जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर को निर्देशित किया है कि एक सुव्यवस्थित प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति अनुसार शमशान निर्माण करवाए। कलेक्टर ने गांव को आबादी भूमि घोषित किए जाने कि ग्रामीणों द्वारा मांग के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए एसडीएम,तहसीलदार तथा जनपद सीईओ को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी एक सप्ताह के भीतर दोनो समस्याओं के समाधान के लिए की गई कारवाई पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। इन सबके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा राजस्व संबंधी समस्याओं, पीएम आवास, गौशाला निर्माण, अव्यवस्थित विद्युत तारों आदि की समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने सभी की समस्याएं सुन कर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामवासियों से प्राप्त शिकायतो का आवश्यक रूप से निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि का सर्वे कर अवैध अतिक्रमण हटाए साथ ही साथ विद्युत तारों को व्यवस्थित करने के लिए विद्युत विभाग आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम वासियों का भी दायित्व बनता है कि शासन प्रशासन के साथ तालमेल स्थापित कर अपने ग्रामों को एक आदर्श और विकसित ग्राम बनाएं। शासन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी है कि हर स्तर पर सहायता उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठे हुए पात्र हितग्राहियों को भी शासन की योजना का लाभ प्राप्त हो इसके लिए प्रशासन सदैव सजग एवं प्रतिबद्ध है।

# साक्षरता कक्षाएं नियमित लगाएं, शिक्षा और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधारें: कलेक्टर

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरुवार शाम को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारे तथा बच्चों को पर्याप्त मात्रा में और गुणवत्ता युक्त मध्यान्ह भोजन दें। उन्होंने 15 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए साक्षरता कक्षाएं नियमित रूप से लगाने के निर्देश भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानियां, जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी और जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक बलवंत पटेल सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी स्कूल नहीं आ रहे हैं उनके पालकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए प्रयोग शालाओं में प्रैक्टिकल की व्यवस्था नियमित रूप से करने के लिए भी कहा। श्री सिंह ने विद्यालयों में निशुल्क साइकिल वितरण तथा गणेश वितरण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश डीपीसी और जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने स्कूलों में छात्रों और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करने के लिए भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि हायर सेकेंडरी स्कूल के जो विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनकी रुचि अनुसार कोचिंग की व्यवस्था स्कूलों में अतिरिक्त समय में की जाए। उन्होंने स्कूलों के पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर हरदा और टिमरनी के बीईओ तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरदा के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी तथा संकुल प्राचार्य नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण करें और निरीक्षण में जो कमियां पाई जाएं उनके निराकरण की व्यवस्था भी करें। कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के मामलों के निराकरण के लिए भी जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में नेशनल अचीवमेंट टेस्ट की गत दिनों हुई परीक्षा के परिणामों की समीक्षा भी की, तथा खराब परीक्षा परिणाम वाले प्राचार्यों को अगले एक माह में स्कूलों में स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

### सराहनीय कार्य के लिए शिक्षकों को दिए प्रशस्ति पत्र



कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरुवार शाम को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में तीन शिक्षकों को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इन शिक्षकों में कोमल चंद्र अग्रवाल प्राथमिक विद्यालय बघवाड़ के प्राथमिक शिक्षक हैं। इसके अलावा संजय करोड़े उच्चतर माध्यमिक शिक्षक, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली तथा अर्जुन सिंह सावनेर उच्चतर माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी शामिल है।

### विधायककी अनुशंसा पर स्वेच्छानुदान निधि से 98 हितग्राहियों को प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से तहसील बनखेडी, न.पा. पिपरिया एवं तहसील पिपरिया क्षेत्र के कुल 98 हितग्राहियों को कुल 4 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। सहायता राशि हितग्राहियों को उनके आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर होने के कारण उनके उपचार एवं शिक्षा हेतु स्वीकृत की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बनखेडी के 27 हितग्राहियों को, न. पा. पिपरिया के 32 हितग्राहियों को एवं तहसील पिपरिया के 39 हितग्राहियों को क्रमशः5-5 हजार रूपये के मान से कुल 98 हितग्राहियों को 4 लाख 90 हजार रूपये की प्रशासकीय स?वीकृति जारी की गई है।

## एनएचडीसी ने संविधान दिवस मनाया



**भोपाल,देशबन्धु।** एनएचडीसी लिमिटेड भोपाल द्वारा क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान शयामला हिल्स के सभागार में छात्रों हेतु गठित सत्यनिष्ठा क्लब के तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में संस्थान के छात्रों द्वारा भारतीय संविधान में निहित मूल अधिकारों पर आधारित एक नाटिका का मंचन किया गया । संस्थान के प्राचार्य जयदीप मंडल द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस शरद चंद्र बेहर द्वारा छात्रों को भारतीय संविधान की मूल भावना तथा शिक्षा के मूल अधिकार विषय पर व्याख्यान दिया गया । एनएचडीसी के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार, एवं वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सिंह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा नाटिका में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रतिभागिता पुरस्कार प्रदान किए गए ।

# मप्र पुलिस ने पीएनबी के साथ किया समझौता

**भोपाल,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पुलिस ने पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी ) से उसकी सभी इकाइयों में पदस्थ कर्मचारियों के वेतन खाते, पीएनबी पुलिस रक्षक वेतन पैकेज के तहत पंजाब नैशनल बैंक में खोले जाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

पीएनबी पुलिस रक्षक वेतन स्कीम के तहत खोले जाने वाले वेतन खाते के साथ मप्र पुलिस के समस्त कर्मचारियों को विभिन्न आकर्षक सुविधाएं व रियायतें बिल्कुल निःशुल्क प्रदान की जाएंगी, जिससे सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। रूपये 40 लाख तक का दुर्घटना मृत्यु बीमा, एवं रूपये 80 लाख हवाई दुर्घटना बीमा, मृत्यु कर्मचारी आश्रित बच्चों को रुपये 4 लाख सालाना तक शिक्षण सहायता, बेहतर बैंकिंग सुविधाएं जैसे मुफ्त चेक बुक, एटीएम कार्ड, डीडी, पीओ, आरटीजीएस, नेफ्ट, रिटेल लोन में छूट आदि के साथ- साथ, बीमित कर्मचारी की किसी भी कारण मृत्यु होने पर उसके परिवार को रुपए 3 लाख तक जीवन बीमा की सहायता राशि बिल्कुल मुफ्त प्रदान की जाएगी। इसके लिए पुलिस कर्मचारी को पीएनबी की नजदीकी शाखा



में पीएनबी पुलिस रक्षक वेतन स्कीम के तहत डिजाइन किए पीएनबी पुलिस रक्षक वेतन बचत खाता खुलवाकर उसे वेतन से लिंक कराना होगा। पीएनबी पुलिस रक्षक वेतन स्कीम के एमओयू के मौके पर मप्र पुलिस से एडीजी-कल्याण अनिल कुमार व एआइजी- कल्याण डा. अंशुमन अग्रवाल, अंचल प्रबंधक महाप्रबंधक शशैलेंद्र सिंह बोरा एवं सरकारी कारोबार वर्टिकल प्रमुख संजय सिंह उपस्थित रहे।

# श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में जाम्भाणी हरिकथा का आयोजन

## दूसरे दिन जुटे सैकड़ों लोग, हवन यज्ञ किया

**हरदा, देशबन्धु।** श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर नीमगांव में मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के तत्वावधान में अगहन महोत्सव मनाया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन गुरुवार की शुरुआत भी हवन यज्ञ कर पाहल बनाने के साथ हुई। हवन यज्ञ में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित जाम्भाणी हरिकथा का शुभारंभ किया गया।

आचार्य संत डा. गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने जाम्भाणी हरिकथा का वाचन करते हुए कहा कि मानव तन को परमात्मा की सर्वोत्तम कृति कहा गया है। परमात्मा की बनाई इस सृष्टि को पहचानने की ताकत सिर्फ इस मानव तन के पास ही है। हमें सबसे पहले जीवन को पवित्र बनाने की युक्ति सीखनी है। इसलिए इस मानव शरीर को हमेशा पवित्र रखो और इसे प्रभु भक्ति में लगाओ। आचार्यश्री ने भोजन के सही तरीके को बताया। कहा कि आयुर्वेद भोजन के लिए संकेत देता है कि बुद्धिमान व्यक्ति को भोजन के बीच में पानी नहीं पीना चाहिए। भोजन करने से बीस मिनट या आधा घंटे पहले पानी पीना। भोजन के बाद पानी पीने का मन करे तो आधा या एक घंटा बाद पीना चाहिए। जठर की अग्नि जब अपना काम करती है तो भोजन सही पच जाता है। भोजन जितना अच्छे तरीके से पचेगा शरीर को उतना फायदा होगा।कथा को



विस्तार देते हुए डा. गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने कहा कि गीताजी में भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच संवाद होता है। श्रीकृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि क्या तुम मुझे पहचानते हो तो अर्जुन को हंसी आ गई। अर्जुन ने कहा कि अब ये कैसी बात पूछ रहे हैं। हम बचपन से साथ रहे हैं। आप मेरे गुरु हो मैं आपका चेला हूं। यह सुनकर भगवान कहने लगे यह मेरा परिचय नहीं है। इस तरह एक नहीं सात जन्म भी साथ रहोगे तो भी मुझे जान नहीं पाओगे। अगर मुझे पहचानना और जानना चाहते हो तो सबसे पहले तुम्हें अपने मन को वश में करना होगा। एकाग्र मन से जब तुम मेरा चिंतन करोगे तो मुझे जान पाओगे। यह सुनकर अर्जुन कहते हैं हे वासुदेव जिस मन को आप वश में करने का कह रहे हैं यह तो बड़ा चंचल है। चलायमान है। यह तो हवा की गति से भी तेज दौड़ने वाला है। भगवान कहते हैं कि यह मन ऐसा ही है। आचार्यश्री ने आगे कहा कि मन के बारे में जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हैं उसी तरह भगवान गुरु जम्भेश्वर भी अपने अनुयायियों को मन को वश में रखने की सीख देते हैं। गुरु जम्भेश्वर कहते हैं कि अगर आप रचयिता को पहचानना चाहते और खुद को जानना चाहते हो तो मन को जीत लो। ऐसा करने में सफल हो गए तो परमात्मा को पा सकते हो।

नर्मदापुरम, शुक्रवार 29 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इधर प्रियंका, उधर सोरेन

गुरुवार का दिन दो घटनाक्रमों के चलते भारतीय राजनीति के लिये बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ है, या कहें कि होने जा रहा है- खासकर विपक्षी गठबन्धन इंडिया की दृष्टि से देखें तो। पहला देश की राजधानी दिल्ली के संसद भवन में हुआ है, तो दूसरा झारखंड की राजधानी रांची में। देश के प्रथम राजनैतिक परिवार अर्थात नेहरू खानदान की 16वीं सदस्य के रूप में प्रियंका गांधी ने लोकसभा की सदस्यता ग्रहण की- बतौर वायनाड (केरल) प्रतिनिधि। इसके साथ ही कांग्रेस ने सदन में तिहाई का आंकड़ा छू लिया। हेमंत सोरेन ने रांची में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2000 में बने इस राज्य में पहली बार हो रहा है कि कोई लगातार दो बार सीएम बना है। वैसे पिछले कार्यकाल के अंतिम चरण में उन्हें जेल जाना पड़ा था जिसके कारण उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन जमानत पर लौटने के बाद वे फिर इस पद पर काबिज हुए थे। उन्हीं के नेतृत्व में वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबन्धन सत्ता में लौटा है। प्रियंका का संसद प्रवेश करना हो या जेएमएम-कांग्रेस की सरकार का बनना, दोनों घटनाक्रमों में एक समानता यह है कि दोनों भारतीय जनता पार्टी, विशेषत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बेहद चुभने वाले हैं। दूसरा यह कि इन दोनों से इंडिया गठबन्धन को ताकत मिलेगी।

प्रियंका गांधी का लोकसभा में आना सिर्फ इस लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं है कि नेहरू-गांधी परिवार के एक और सदस्य ने संसदीय राजनीति में प्रवेश किया है। यह वही प्रियंका है जो राजनीति को लम्बे समय तक 'ना, ना' कहती रहीं। जब कांग्रेस का श्रेष्ठ काल न भी कहें तो सहूलियत भरा वक्त अवश्य था, तब भी वे नहीं आईं। हालांकि उनका चुनावी राजनीति से करीबी नाता रहा है। कहें तो उनके बड़े भाई व पहले से सक्रिय राजनीति में आए राहुल से कहीं अधिक सघन रूप से उन्होंने चुनावी राजनीति में हिस्सा लिया। उनके छुटपन के कई दिन प्रधानमंत्री पिता राजीव गांधी के साथ उनके चुनावी क्षेत्र अमेठी में गुजरे थे, तो बाद में वे अपनी मां सोनिया गांधी का चुनावी प्रबन्धन कर्नाटक के बेल्लारी से लेकर रायबरेली तक सम्हाला करती थीं। अमेठी में ही उन्होंने अपने भाई को हारते और जीतते देखा और दोनों ही मर्तबा वे उनके साथ थीं- इलेक्शन ड्यूटी करते हुए। भाई का साथ उन्होंने इसी वायनाड के चुनावी मैदान में भी निभाया। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में जब रणनीतिक निर्णय के अंतर्गत राहुल को रायबरेली और वायनाड से एक साथ लड़ाया गया तो प्रियंका ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए भाई को दोनों सीटों पर जीत दिलाई। इतना ही नहीं, वर्षों से उनके परिवार का हर चुनाव में मोर्चा सम्हालने वाले किशोरीलाल शर्मा को भी उन्होंने बरास्ता अमेठी लोकसभा प्रवेश कराया।

यह सब उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में किया। हालांकि जब वे सक्रिय राजनीति में नहीं थीं, तब भी नेहरू-गांधी परिवार के लिये भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, इस कुनबे के अघोषित प्रवक्ता आईटी सेल और लाखों की संख्या में सोशल मीडिया पर विचरण करने वाली असभ्य व अशालीन ट्रोल आर्मी की फैलाई घृणा का वे शिकार बनती रहीं। 2014 के बाद 2019 में जब कांग्रेस की लोकसभा में सदस्य संख्या और घट गयी तथा अनेक मोर्चों पर सतत गिरावट दर्ज करती हुई वह बेहद कमजोर हो गयी तब एक बड़ी ज़रूरत व जिम्मेदारी को महसूस करती हुई इसकी सदस्य बनीं। वे महासचिव बनीं और उत्तर प्रदेश की प्रभारी भी, जिसकी लोकसभा में एकमात्र प्रतिनिधि उनकी मां यानी सोनिया गांधी थीं। 2022 का विधानसभा चुनाव उनके मार्गदर्शन में लड़ा तो गया परन्तु खास सफलता हाथ नहीं लगी। इस नाकामी ने उन्हें निराश किया होगा परन्तु वे विभिन्न मुद्दों, विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई आदि को लेकर बेहद सक्रिय व आक्रामक रहीं। समय के साथ उन्होंने खुद को कांग्रेस के समग्र विमर्शों में समाहित किया। राहुल गांधी की दो भारत यात्राएं हों अथवा विभिन्न राज्यों के चुनाव; या फिर लोकसभा चुनाव- प्रियंका कहीं ठहरती या ठिठकती नज़र नहीं आईं। हर राज्य के चुनाव प्रचार में वे स्टार प्रचारक बनकर उतरतीं और सुर्खियां बटोरती रहीं।

अपनी मां की तरह शालीन लेकिन भाई की तरह आक्रामक तेवर वाली प्रियंका में यदि लोग उनकी दादी इंदिरा गांधी की छवि देखते हैं तो कोई आश्चर्य नहीं। संसद के बाहर इंदिरा जैसी निर्भीकता का पर्याप्त प्रदर्शन कर चुकीं प्रियंका के लोकसभा प्रवेश से भाजपा, खासकर मोदी का खौफ़ज़दा होना स्वाभाविक है, जिनकी सियासत की बुनियाद नेहरू परिवार के प्रति नफ़रत फैलाने पर टिकी है और मीनारें उनके मौजूदा व पूर्ववर्ती सदस्यों के लिये लांछनों से भरी टिप्पणियां करने वाले समर्थकों से बनती हैं। सम्भवत: भाजपा के इसी विमर्श का यह प्रतिफल है कि पहली बार संसद में इस प्रतिष्ठित परिवार के तीन-तीन सदस्य एक साथ नज़र आ रहे हैं।

मोदी के लिये शायद इससे अधिक बुरा कुछ नहीं हो सकता कि एक ओर प्रियंका उनके ठीक सामने बैठने जा रही हैं, तो दूसरी तरफ़ उस झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं बन पाई जो उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के व्यवसाय के लिये बहुत उपयोगी साबित होता। यह निश्चित ही इंडिया की मजबूती का दिन है। झारखंड के साथ जिस राज्य के विधानसभा चुनाव के नतीजे आये थे वह महाराष्ट्र था, जहां महाविकास आघाड़ी यानी इंडिया को असफलता मिली थी। प्रियंका के संसद प्रवेश और हेमंत सोरेन की वापसी को उस नुकसान की भरपायी तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन गैर भाजपायी दलों को लड़ते रहने का हौसला अवश्य मिलेगा।

# महाराष्ट्र का चुनावी चमत्कार

हरियाणा की अप्रत्याशित जीत के बाद महाराष्ट्र की भारी जीत से भाजपा और उसका वर्तमान नेतृत्व गदगद है और लोक सभा चुनाव में मिले झटके को काफी पीछे छोड़ चुका है। उसके पुराने तेवर भी वापस हो गए हैं और मीडिया का समर्थन भी। इस बीच उसने अपना कोर्स करेक्शन किस तरह किया इस बारे में बड़े दावे हैं तो विपक्ष की भूलों (खासकर हरियाणा के मामले में) को लेकर भी कांग्रेस के अंदर और चुनावी पंडितों के बीच काफी गरमा-गरम चर्चा जारी है। इस बीच हरियाणा और अब महाराष्ट्रकी जीत में अपने कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका को लेकर एक और दावेदार-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी सामने आ चुका है। वह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की उस अपमानजनक टिप्पणी को भुला चुका है या अपना अपना पलड़ा ऊपर रखने में इस्तेमाल कर रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि अब भाजपा खुद से इतनी बड़ी और शक्तिशाली हो गई है कि उसे संघ के समर्थन की जरूरत नहीं रह गई है। लेकिन इन सबके बीच महाराष्ट्र की जीत का आश्चर्य सबके चेहरे पर बना हुआ है क्योंकि इसी महाराष्ट्र में पांच महीने हुए चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाली महायुति कांग्रेस की अगुवाई वाले महा विकास अघाडी से 30-17 से पिछड़ गई थी।

तब यह भी दिखा था कि कांग्रेस का संगठन काफी नीचे स्तर तक काम करने लगा है और शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस के विभाजन से नाराज मराठी मतदाताओं ने शरद पवार और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़ों को ही असली पार्टी माना और तोड़-फोड़ कराने वाली भाजपा के खिलाफ उनके मन में गुस्सा है। यही कारण है कि सरकार होने और तीन दलों का मजबूत गठजोड़ होने के बावजूद महायुति को अघाडी की तुलना में एक फीसदी कम वोट मिला था। सीटों का हिसाब तो एकदम उलट गया था और जब महाराष्ट्र के चुनाव हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधान सभाओं के साथ न कराके बाद में कराने का फैसला लिया गया तो इसे महायुति के डर से जोड़ा गया। बीच में सरकार ने कुछ लोक-लुभावन कार्यक्रमों चुनाव के दौरान महायुति में ज्यादा खटर-पटर रही और अजित पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी तो कई बार महायुति की लाइन से एकदम अलग चलती लगी। मतदान के बाद एक्ज़िट पोलों में भी लड़ाई करीबी बताई गई हालांकि महायुति को बढ़त दिख रही थी। चुनाव का सबसे अच्छा अंदाजा रखने वाले उम्मीदवार और चुनाव के मुख्य खिलाड़ी नतीजे आने तक बहुत करीबी लड़ाई का अंदाजा लगाते रहे, विधायकों की 'घोडामंडी' में अपने खेमे को बचाने की तैयारी घोषित रूप से करते रहे।



अरविन्द मोहन

**नतीजों ने सबको चौंकाया- सबको माने जीते लोगों को भी। दोनों गठबंधनों के बीच 14 फीसदी वोट का अंतर आ गया अर्थात लोक सभा चुनाव की तुलना में महायुति को पंद्रह फीसदी का लाभ हुआ। और अघाडी की ऐसी हार हुई कि किसी दल को विपक्ष का नेता बनने लायक सीटें नहीं मिलीं।**

नतीजों ने सबको चौंकाया- सबको माने जीते लोगों को भी। दोनों गठबंधनों के बीच 14 फीसदी वोट का अंतर आ गया अर्थात लोक सभा चुनाव की तुलना में महायुति को पंद्रह फीसदी का लाभ हुआ। और अघाडी की ऐसी हार हुई कि किसी दल को विपक्ष का नेता बनने लायक सीटें नहीं मिलीं। जीत पर खुशी और हार पर वोटिंग मशीन का दोष बताने वाले विपक्ष की तरफ से इस बार भी यह स्वर उठा लेकिन पहले की तुलना में कम ऊंचा और कम लोगों ने उस पर भरोसा किया। लेकिन मशीन पर शक की जगह चुनाव आयोग और उससे भी बढ़कर चुनाव की स्थानीय मशीनरी (जो राज्य सरकार के अधीन ही होती है) पर शक ज्यादा किया गया। हरियाणा चुनाव में यह स्वर मद्धिम था। पड़े मतों के हिसाब में लगातार ऊपर-नीचे होने का हिसाब हर किसी को शक का आधार देता है और दुर्भाग्य से अभी तक चुनाव आयोग इसकी कोई बहुत भरोसे लायक सफाई नहीं दे पाया है। मध्य प्रदेश के बाद हरियाणा चुनाव में भी यह सवाल जोर से उठा था। वोटिंग मशीन या इस गिनती पर सवाल उठाने वालों को भी गड़बड़ के ज्यादा ठोस प्रमाण के साथ आगे आने की चुनौती है और उसके बगैर उनकी बात अविश्वसनीय ही बनी रहेगी।

इस सवाल के जोर पकड़ने का कारण यह भी है कि पांच महीनों के दौरान राज्य सरकार का कोई काम इतना बड़ा न दिखा कि वह पंद्रह फीसदी वोट दूसरी तरफ करा दे। सबसे भरोसेमंद और व्यावसायिक समेत हर तरह के दबाव से काफी हद तक मुक्त माने जाने वाले सीएसडीएस के पोस्ट-पोल के आंकड़े भी इस शक को बढ़ाते हैं। उसमें महायुति को बढ़त दिखती है लेकिन सिर्फ चार फीसदी वोटों की ही। नतीजों के बाद के विश्लेषणों में जिस लाडली बहना योजना को भारी फर्क लाने वाला बताया जा रहा है उसे सर्वे में आए 2 से 3 फीसदी लोगों ने फायदा देने वाला माना जबकि किसानों के उपज का मूल्य, महंगाई और बेरोजगारी को मतदान का आधार बताने वालों का अनुपात उससे ज्यादा था। आम राय ही नहीं महायुति के की नेताओं और अजित पवार दल का घोषित मानना था कि 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारों से महाराष्ट्र में चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। अजित पवार के इरादों पर शुरू से अंत तक अविश्वास करने वालों का मानना था कि यह भी उनकी और महायुति की एक रणनीति हो सकती है। इतना एकतरफा चुनाव बिना किसी लहर या भावनात्मक उभार के बगैर नहीं हो सकता, इस बात के पक्ष में कोई तर्क या सबूत नहीं आ रहा है।

चुनाव बीतने और धूल बैठने के बाद इस सवाल पर गौर करने पर लगता है कि भाजपा की अगुवाई वाली महायुति को अपनी राज्य और केंद्र की डबल इंजन सरकार के फैसलों और लोक सभा चुनाव के बाद किए कोर्स करेक्शन से जितना फायदा नहीं हुआ उतना हिन्दू मुसलमान सवाल को केंद्र में रखने से हुआ। भाजपा ने इसके सहारे अपने बिखरे-छिटके मतदाताओं को वापस अपनी तरफ समेटा बल्कि उसने जनाब उद्धव ठाकरे को सेकुलर कांग्रेस के खेमे में जाने को बाल ठाकरे की राजनीति उलटने वाला बनाने का जतन किया। इससे भी फायदा हुआ। चुनाव टालकर कोर्स करेक्शन करना और एक साथ पांच किस्त का पैसा लगभग ढाई करोड़ महिलाओं के खाते में भेजना भी लाभकर रहा। विपक्ष का सुस्त होना या नए मुद्दे न उठा पाना भी कारण बना और अंतिम धक्का मुल्ले मौलवियों ने बाजाप्ता प्रेस कांफ्रेंस करके अघाडी के पक्ष में 'फतवा' जारी करके दिया। लोकतांत्रिक चुनाव में अलोकतांत्रिक ढंग से चुने गए मुल्ला मौलवियों को यह विरोधाभास समझ न आया होगा लेकिन आम मतदाता तो यह समझ गया। खास तौर पर तब जब यह समझ आने के लिए भाजपा, संघ और लगभग पूरी मीडिया तत्पर बैठी थी।

# इंडिया ब्लॉक की अगली चुनौती 2025 और 2026 के सात विधानसभा चुनाव

■ नित्य चक्रवर्ती

देश में 2024 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों का आखिरी दौर समाप्त हो गया। महाराष्ट्र चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति की भारी जीत ने भाजपा को छह महीने पहले हुए 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को हुए नुकसान की भरपाई करने का नया आत्मविश्वास दिया है। इंडिया ब्लॉक के लिए झारखंड विधानसभा चुनावों में मिली शानदार जीत एक सकारात्मक संकेत है। फिर भी 2025 और 2026 के विधानसभा चुनाव अगली चुनौती होगी।

2024 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनावों ने दिखा दिया है कि भारतीय मतदाता अपने चुनावी व्यवहार में काफी अस्थिर हैं और उनका मूड बहुत तेजी से बदलता है।

लोकसभा चुनाव के बाद पिछले छह महीनों में इंडिया ब्लॉक के लिए चुनाव नतीजों में कुछ झटके लगे हैं, लेकिन कुछ अच्छी बातें भी हैं। इंडिया ब्लॉक को इस उलटफेर से उचित सबक लेना होगा और सुधार की प्रक्रिया शुरू करनी होगी, ताकि एनडीए, खासकर भाजपा को एनडीए शासित राज्यों में रोका जा सके, जहां अगले दो साल में विधानसभा चुनाव होने हैं।

दो सबक हैं। पहला, महाराष्ट्र में महिला केंद्रित योजनाओं के अंतिम समय में क्रियान्वयन ने महिला मतदाताओं पर बड़ा प्रभाव डाला, जिसके कारण महायुति की भारी जीत हुई। दूसरा, झारखंड में आदिवासी भाजपा के हेमंत विरोधी सभी अभियानों को धत्ता बताते हुए इंडिया ब्लॉक के साथ डटे रहे।

**इस साल 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से इंडिया ब्लॉक की कोई उच्च स्तरीय बैठक नहीं हुई है। अब समय आ गया है कि ब्लॉक एक अत्यधिक सक्रिय समन्वय निकाय के रूप में काम करे। राज्यों में कई ऐसे मुद्दे हैं जिनमें केंद्रीय स्तर पर तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यह काम इंडिया ब्लॉक के नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर करना होगा।**

2025 में पहला चुनाव फरवरी में दिल्ली विधानसभा के लिए होगा। इसके बाद साल के अंत में बिहार विधानसभा के चुनाव होंगे। दिल्ली के संबंध में, संकेत हैं कि आप और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे। आप का मानना है कि पिछले लोकसभा चुनाव में नतीजे चाहे जो भी हों, पार्टी आने वाले चुनावों में अकेले लड़कर भाजपा को हराने में सहज रहेगी। अगर इंडिया ब्लॉक के दोनों सहयोगी दल एकमत रहे तो त्रिकोणीय मुकाबला होगा, जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।

आप को यह ध्यान रखना चाहिए कि दिल्ली केरल नहीं है। भाजपा का दिल्ली में आधार बहुत मजबूत है और इस बार वह आप की चुनौती का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में है। इंडिया ब्लॉक के वरिष्ठ नेताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तरह ही आपसी सहमति बन जाये। अगर ऐसा नहीं होता है तो परिणाम किसी भी तरफ जा सकते हैं।

बिहार के मामले में इंडिया ब्लॉक की ओर से मुख्य जिम्मेदारी राजद की है। पिछले विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक मामूली अंतर से हारा था, लेकिन लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक के प्रचार में कुछ बड़ी खामियां सामने आई हैं। अब इन पर ध्यान देने की जरूरत है और राजद नेता तेजस्वी यादव को पूरे इंडिया ब्लॉक के नेता के रूप में पार्टी से इतर एनडीए को हराने के उद्देश्य से काम करना होगा। कांग्रेस को अपनी ताकत के हिसाब से सीटों के लिए मोलभाव करना पड़ रहा है। पिछले चुनाव में उसका स्ट्राइक रेट सबसे कम रहा था।

2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सबसे ज्यादा सहज है। बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन हो या न हो, तृणमूल कांग्रेस कुल 294 में से 223 सीटों की मौजूदा ताकत से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए सहज स्थिति में है। दरअसल इस सप्ताह की शुरुआत में टीएमसी नेतृत्व की हालिया उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनाव में 294 में से 260 सीटें जीतने का लक्ष्य टीएमसी नेताओं को दिया है। इसी के मुताबिक टीएमसी अगले साल की शुरुआत से बूथ स्तर की मशीनरी को संगठित कर रही है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को राज्य में 77 सीटें मिली थीं, लेकिन उपचुनावों में हार और दलबदल के बाद उसकी मौजूदा ताकत घटकर 69 रह गयी है।

केरल में 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस फायदे की स्थिति में है। लेकिन सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सत्ता बरकरार रखने के लिए उतनी ही बड़ी लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहा है। किसी भी तरह से, जीतने वाली पार्टी इंडिया ब्लॉक की होगी।

तमिलनाडु में, डीएमके सुप्रीमो एम के स्टालिन सभी घटकों को प्रभावी ढंग से साथ लेकर इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं। अब तक, डीएमके सरकार को कोई खतरा नहीं है। सभी संकेत बताते हैं कि डीएमके के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक आराम से सत्ता में वापस आ जायेगा। पुडुचेरी में, इंडिया ब्लॉक को सत्ता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। थोड़ी और योजना और अच्छे उम्मीदवारों का चयन इसे संभव बना सकता है।

इंडिया ब्लॉक के लिए, बड़ी समस्या असम है, जिस पर 2016 से भाजपा का शासन है। मुख्यमंत्री हिमंत विस्वाशर्मा एक चतुर राजनीतिज्ञ हैं और उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए इंडिया ब्लॉक पार्टियों को सफलतापूर्वक विभाजित किया है। राज्य में इंडिया ब्लॉक की प्रमुख पार्टी के रूप में कांग्रेस को विपक्षी खेमे में विभाजन रोकने के लिए बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी।

असम के हालिया उपचुनावों में दरार के बाद वस्तुत: कोई इंडिया ब्लॉक नहीं है। जहां कांग्रेस एक पारंपरिक सीट सहित सभी सीटों पर हारी, वहां भी जहां पार्टी कभी नहीं हारी। कुछ क्षेत्रीय दलों, टीएमसी और वामपंथी दलों की भागीदारी के साथ इंडिया ब्लॉक को सक्रिय करना होगा। इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व में संयुक्त विपक्ष द्वारा हिमंत सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन करना होगा। असमिया लोगों का एक बड़ा हिस्सा हिमंत से तंग आ चुका है, लेकिन उन्हें कोई विकल्प नहीं दिख रहा है क्योंकि इंडिया ब्लॉक पार्टियां संयुक्त रूप से काम करने में असमर्थ हैं। यह सही समय है कि इंडिया ब्लॉक नेतृत्व असम के विपक्ष को सही रास्ते पर लाने के लिए काम करे। विधानसभा चुनाव और उपचुनावों ने इंडिया ब्लॉक पार्टियों में नये और पुराने दोनों ही तरह के चेहरे सामने लाये हैं, जो ब्लॉक के लिए बदलाव के वाहक के रूप में काम कर सकते हैं और भाजपा के खिलाफ संघर्ष की गति को तेज कर सकते हैं। केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में हुए हालिया उपचुनाव में लोकसभा में प्रवेश करने वाली प्रियंका गांधी विधानसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ आगामी लड़ाई में इंडिया ब्लॉक के लिए एक बड़ी संपत्ति हो सकती हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले से ही बंगाल के सभी चुनावों में भाजपा को हराकर दिग्गज के रूप में पहचानी जाती हैं। वह महिलाओं, वृद्ध और युवा दोनों की मदद के लिए योजनाओं के अभिनव दृश्य पेश करने वाली पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। उनके मॉडल का अन्य राज्यों द्वारा बड़े पैमाने पर अनुसरण किया जा रहा है।

इसी तरह हेमंत सोरेन झारखंड विधानसभा चुनावों में और मजबूत होकर उभरे हैं। भाजपा की चुनौती का सामना करने के लिए हेमंत को राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक के आदिवासियों के चेहरे के रूप में पेश किया जाना चाहिए। उनमें राष्ट्रीय राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाने की बड़ी क्षमता है। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का इंडिया ब्लॉक द्वारा उचित उपयोग किया जा सकता है।

इसके अलावा, सीपीआई (एमएल)-एल के दीपांकर भट्टाचार्य एक ऐसे संभावित नेता के रूप में उभरे हैं, जिनकी प्रतिभा का इंडिया ब्लॉक के नेताओं द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग किया जा सकता है। उनके पास मजदूरों और आदिवासियों दोनों के बीच लंबे संघर्ष का रिकॉर्ड है। दीपांकर वास्तव में इंडिया ब्लॉक में सीताराम येचुरी की जगह भर सकते हैं जो इस साल अगस्त में उनके अचानक निधन के बाद खाली हो गयी है।

इस साल 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से इंडिया ब्लॉक की कोई उच्च स्तरीय बैठक नहीं हुई है। अब समय आ गया है कि ब्लॉक एक अत्यधिक सक्रिय समन्वय निकाय के रूप में काम करे। राज्यों में कई ऐसे मुद्दे हैं जिनमें केंद्रीय स्तर पर तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यह काम इंडिया ब्लॉक के नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर करना होगा। नेतृत्व को तुरंत एक नये संयोजक पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दो नामों पर विचार किया जा सकता है ममता बनर्जी और एम के स्टालिन। काफी समय बर्बाद हो चुका है। इंडिया ब्लॉक को फिर से एक गतिशील निकाय के रूप में काम करना चाहिए।

## आपके पत्र

# कब पूरी होगी ग्रामीण किशोरियों के डिजिटल सपनों को उड़ान?

'हमारे गांव में कंप्यूटर सेंटर न होने की वजह से हमें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर हमें कोई फार्म भरना है तो उसके लिए हमें गांव से 15-16 किलोमीटर दूर कंप्यूटर सेंटर जाना पड़ता है. ये ऐसा काम है जो कभी भी एक बार के जाने पर नहीं होता है। एक फॉर्म अप्लाई करने के लिए हम 2 से 3 या कभी कभी 4 बार भी जाना पड़ जाता है, जिससे हमारा पूरा दिन आने जाने में निकल जाता है। इसकी वजह से हमारे बहुत से अन्य काम भी प्रभावित होते हैं।' यह कहना पिंगलों गांव की 17 वर्षीय गुंजन बिष्ट का, जो कक्षा 12 की छात्रा है। वह कहती है कि 'हमारे गांव के लड़के तो आसानी से शहर चले जाते हैं, लेकिन लड़कियों को घर से इतनी दूर भेजने के लिए अभिभावक राजी नहीं होते हैं। हमें छात्रवृत्ति फॉर्म भरने होते हैं वह भी कई बार छूट जाते है। कहने को हम डिजिटल युग में जी रहे हैं लेकिन जब हमें एक साधारण फॉर्म भरने के लिए भी 15 किमी दूर जाना पड़े, तो डिजिटल युग का सपना अधूरा लगता है. साथ ही यह प्रक्रिया न केवल समय और पैसे की बर्बादी है, बल्कि हमारी शिक्षा और आत्मनिर्भरता को भी बाधित करता है।'

यह सिर्फ एक अकेले गुंजन की कहानी नहीं है। दरअसल जब पूरी दुनिया डिजिटल तकनीक की ओर तेजी से बढ़ रही है, उत्तराखंड के कई गांवों की किशोरियां अब भी अपने सपनों को उड़ान देने के लिए कंप्यूटर जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। हालांकि डिजिटल साक्षरता हमारे दैनिक जीवन में बहुत अहम भूमिका अदा करता है। यह युवा पीढ़ी को न केवल सशक्त बनाता है बल्कि उन्हें किसी पर निर्भर होने से रोकता है। विशेषकर इससे किशोरियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और साथ ही साथ वह खुद को आत्मनिर्भर महसूस करती हैं। आज के समय में डिजिटल से जुड़े सभी कार्य किशोरियां भी स्वयं कर सकती हैं अगर उन्हें डिजिटल साक्षरता का ज्ञान हो तो वह एडमिशन फॉर्म भरने से लेकर ऑनलाइन पैसे की आवाजाही जैसे सभी कार्य स्वयं कर सकती हैं। वर्तमान में भारत में 80 प्रतिशत से अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। उत्तराखंड में 50 प्रतिशत से अधिक सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन ऑनलाइन होते हैं, लेकिन पिंगलों गांव की 60 प्रतिशत किशोरियां कंप्यूटर साक्षरता के अभाव में अक्सर ऑनलाइन आवेदन से वंचित रह जाती है।

हरी भरी पहाड़ियों के बीच बसा उत्तराखंड के बागेश्वर जिले से 48 किमी और गरुड़ ब्लॉक से 16 किमी की दूरी पर बसे इस गांव की आबादी करीब 900 है। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार यहां 75 प्रतिशत लोग पढ़े लिखे है, हालांकि पुरुषों की तुलना में यहां महिलाओं की साक्षरता दर कम है। वहीं कंप्यूटर तक महिलाओं और किशोरियों की पहुंच दूर होने के पीछे सामाजिक और आर्थिक दोनों कारण होते हैं।

पिंगलो गांव के ग्राम प्रधान पान सिंह भी स्वीकार करते हैं कि गांव में कंप्यूटर सेंटर का न होना एक समस्या है। यह युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में बहुत बड़ी बाधा है। इसके कारण सबसे अधिक गांव की किशोरियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार वह चाह कर भी नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाती हैं। परिवारों की स्थिति ऐसी नहीं है कि उन्हें बाहर फार्म भरने या कंप्यूटर सीखने भेज सकें क्योंकि पिंगली से गरुड़ ब्लॉक जाने और आने में 160 रुपए लगते हैं जो आर्थिक रूप से कमज़ोर इस गांव के लोगों के लिए मुमकिन नहीं है। वह कहते हैं कि यदि हमारे गांव में कोई संस्था कंप्यूटर सेंटर खोलना चाहेगी तो पंचायत की ओर से पूरा सहयोग रहेगा।

**महिमा जोशी, कपकोट उत्तराखंड**



## ललित सुरजन की कलम से

# चौदह लाख करोड़ का गणित

*'आंकड़े बताते हैं 2014 में याने यूपीए के अंतिम दिनों में बैंकों के कालातीत ऋण की राशि लगभग दो लाख करोड़ थी। यूपीए के दस साल के शासन के दौरान भी न चुकाई गई ऋण राशि में लगातार बढ़ोतरी हुई थी। याने बड़े ऋण लेने वाले कर्जदारों के मजे तब भी थे, परंतु विगत दो वर्षों में कालातीत ऋण राशि कल्पनातीत रूप से बढ़ गई है। अब दो लाख करोड़ के बजाय लगभग चार लाख करोड़ का आंकड़ा सामने है। इसे यूं भी समझा जा सकता है कि यदि मोदी सरकार का वित्तीय प्रबंधन ठीक होता तो बैंक द्वारा दिए गए ऋणों पर लगाम होती, उनकी अपनी आर्थिक सेहत न बिगड़ती और न शायद तब मोदीजी को इतना दुस्साहसिक कदम उठाने की आवश्यकता पड़ती। बहरहाल जबकि निष्क्रिय पड़ी धनराशि प्रचलन में आ गई है तब क्या उसका उपयोग बैंकों को पूंजीगत अनुदान देकर उनकी माली हालत ठीक कर देने में होगा? ऐसी संभावना तो बनती है, किन्तु यह राशि भी कहीं फिर चहेते पूंजीपतियों को न दे दी जाए और आगे चलकर कालातीत न हो जाए इस पर कैसे रोक लगेगी यह सवाल मन में उभरता है।'*

*'यूं तो मोदी सरकार ने इस राशि को सार्वजनिक हित में निवेश करने का वायदा किया है लेकिन उसे परिभाषित करने का सबके अपने-अपने मानदंड हैं। मसलन मोदीजी मुंबई से अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन प्रारंभ करना चाहते हैं। उनके लिए यह सार्वजनिक हित का विषय है, जबकि दूसरा पक्ष भारतीय रेल्वे की वर्तमान स्थिति को सुधारने को प्राथमिकता देना चाहता है। एक दूसरा उदाहरण मनरेगा के रूप में सामने है। श्री मोदी ने इसकी कटु आलोचना और योजना को बंद करने तक की वकालत की थी। आज योजना चल तो रही है, परन्तु जगह-जगह से खबरें हैं कि मजदूरी का भुगतान कई-कई महीनों से लंबित है। इस वास्तविकता को ध्यान में रखकर एक पक्ष यह मांग कर सकता है कि सरकार के पास जो अभी राशि उपलब्ध हो गई है उसका उपयोग मजदूरी चुकाने, धान पर बोनस देने और यहां तक कि जन- धन खातों में नकद राशि जमा करने जैसे कामों में किया जाए जिससे सर्वहारा की आर्थिक स्थिति सुधर सके। क्या यह दलील उन नवरूढ़िवादी अर्थशास्त्रियों को पचेगी, जिनकी सेवाएं प्रधानमंत्री नीति आयोग इत्यादि में ले रहे हैं?'*

**(देशबन्धु में 01 दिसम्बर 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/11/blog-post_30.html

## पावन प्रसंग

# क्या है त्याग

जिस हृदय में त्याग होता है, उसे अंतस की दिव्य भावना के अनुरूप अपना नवगठन करने एवं अपने द्वारा परमात्मा के विधान अनुसार कर्तव्यभूमि में बरतने में कोई कठिनाई नहीं होती। त्याग एक महान घटना है, आध्यात्मिक रूप से भी और इस संसार के परिप्रेक्ष्य में भी। त्याग से जीवन में महान क्रांति घटती है एवं स्वयं के आत्मविस्तार का क्रम सहज ही होने लगता है तथा चेतना का आदि- प्रकाश एक नव रूपांतरण की दिशा में, सहज ही बढ़ चलता है। स्वरूप की विस्मृति को यदि मनुष्य त्याग दे तो इससे बड़ा त्याग कुछ नहीं हो सकता है।

अन्य विविध बातों के त्याग का अवसर तो सहज ही प्राप्त होता है, परंतु परमात्मा के विधान के अनुसार त्याग तो वास्तव में निज स्वरूप की प्राप्ति ही है। श्रेष्ठता किसमें है, पदार्थ के संसर्ग से उपजी सांसारिक विषय-कामना में या त्याग के प्रगटन से उपजी सच्ची आत्मवृत्ति में। त्याग एक महान अवलंबन है, जिसके प्रताप से नवजीवन एवं नवआलोक की प्राप्ति होती है। त्यागमूलक भावना से विषय-विकार तो कटते ही हैं, साथ में अंतरंग के दिव्य प्रकाश का शुभागमन भी होने लगता है।

त्याग एक आंतरिक अनुसंधान की कला है। इसके परिमाप में जीवन शुद्ध एवं निर्विकल्प रूप से, आत्मा का प्रतिपक्षी होकर इंद्रियगत सभी मतभावों में निर्लिप्त एवं मनोनिग्रही हो उठता है। जिस मन पर इंद्रियों की छाप न पड़े, ऐसा मन ही वास्तव में शुद्ध सरोवर के दिव्य स्थान में रंगीकृत होने के योग्य होता है तथा उसे उस दिव्य परिकर में अपनी आत्मा के सच्चे स्वरूप का बोध प्राप्त होता है तथा यहीं से जीवन निर्विकल्प रूप से प्रकाश एवं आरोहण के क्रम में सधता हुआ, अपनी वास्तविक संपदा आत्मरूप को प्राप्त होता है।

जिस क्षण त्याग से आविष्कृत इस संभावना को मनुष्य प्राप्त कर लेता है, उसी क्षण उसके जीवन में वास्तविक क्रांति के स्वर एवं आत्मा की महानता के अनुरूप जीने का अवसर प्राप्त होता है। मनुष्य होकर यह हमारा गौरव है कि इस सच्चे दृष्टिकोण को प्राप्त कर लिया जाए एवं तब भौतिक जगत की सभी गतिविधियों में एक उस आत्मा के ही दर्शन होने लगते हैं, जिसे योगियों ने सदियों से सराहा है, अपनाया एवं पहचाना है।

जिस दिन मनुष्य पूर्ण निश्च्छल भाव से इस आत्मा की प्रार्थना में नहीं जुटेगा, उसे अंतर्निहित दिव्य केंद्र के स्वभाव एवं विलक्षण परिणति की अनुभूति प्राप्त होगी। तब वह इस दर्शन के प्रतिफलस्वरूप एक दिव्य अनुसंधान एवं परिष्कार की यात्रा पर बढ़ चलेगा एवं तब जीवन की कोई भी कठिनाई सतही परिणतियों के समान दिखाई पड़ेगी, तथा इस एक अवलंबन द्वारा उसे आंतरिक जगत के पर्यवेक्षण एवं अपनी अमूर्त सत्ता को मूर्तरूप देने का अवसर प्राप्त होगा।


त्याग विषयों का कीजिए, कर्तव्यों का नहीं; मन की मलिनता से उपजी पदार्थ भावना का करिए, स्व-परिष्कार के सुदृढ़ संकल्प का नहीं; आत्मा की सत्ता के विद्रोह में खड़ी अनेकानेक वृत्तियों का करिए, स्वयं के उत्थान के पथ का नहीं। जब त्याग आत्मा के स्तर पर होगा तो उसे आत्मपरिष्कार के महान संकल्प को पूरा करने में कोई बाधा नहीं रहेगी। यही त्याग का मूल चिंतन है एवं जीवन के उत्थान का प्रगति पथ भी।

**अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## यामल ने जीता वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार

**रोम।** बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टो स्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता। अन्य पिछले विजेताओं में एरलिंग हालैंड , किलियन म्बाप्पे और लियोनेल मेस्सी शामिल हैं। यामन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं। यामल ने इस सत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है तथा ला लीगा में शीर्ष पर चल रही टीम बार्सिलोना के लिए 12 लीग मैचों में पांच गोल दागे हैं।



# आईटीबीपी ने 1-3 से पिछड़ने के बाद एफसीआई पर 5-3 से जीत दर्ज की



**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। रोहित के दो बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को 60 वे एसएनबीपी सीनियर नेहरू हीरक जयंती हॉकी टूर्नामेंट में पूल बी मैच में यहां शिवाजी हॉकी स्टेडियम में 5-3 से शिकस्त दी। वहीं शमशेर के पहले और आखिरी क्वॉर्टर में पेनल्टी स्ट्रोक पर किए दो गोल की बदौलत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) ने नामधारी एकादश को 2-0 से हरा दिया। अब आईटीबीपी और सीआरपीएफ की टीमें पूल बी के मैच में शुक्रवार को आमने सामने होंगी,। एफसीआई और नामधारी की टीमें बृहस्पतिवार को अपने अपने पूल बी के मैच हार कर बाहर हो गई।

■ शमशेर के दो गोल से सीआरपीएफ ने नामधारी को हराया

नीतिन ने पहले ही मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कर एफसीआई को आईटीबीपी के खिलाफ 1-0 से आगे कर दिया और पहल क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक एक मिनट पहले प्रज्वल बिजावड़ ने हाॅकी की कलाकारी दिखा कर गोल कर एफसीआई की बढ़त 2-0 कर दी। आईटीबीपी के रोहित ने दूसरे क्वॉर्टर के आखिरी मिनट में अपना पहला मैदानी गोल कर स्कोर 1-2 की दिया। नीतिन ने तीसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में अपना मैच का दूसरा गोल कर एफसीआई को जब 3-1 से आगे कर दिया तो उसकी जीत की उम्मीद जगती दिखाई दी। रोहित ने तीन मिनट बाद मैच का अपना दूसरा गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया। अनिल ने तीन मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर आईटीबीपी को तीन तीन की बराबरी दिला दी शुभम ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के चौथे और राहुल यादव ने तीन मिनट बाद मैदानी गोल कर आईटीबीपी को 5-3 से आगे कर दिया। आईटीबीपी ने अपनी बढ़त कायम रखते हुए अंतत: मैच जीत लिया। दिल्ली आते हुए आईटीबीपी के कोच उमेश धुल का जालंधर से दिल्ली आते हुए निधन हो गया और उनकी स्मृति में बृहस्पतिवार को एक मिनट का मौन रखा गया।

## 'भारतीय स्टेडियमों में माहौल वाकई बेमिसाल' : मारिया

**नई दिल्ली।** डच महिला हॉकी स्टार मारिया वर्चूर सूरमा हॉकी क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक के रूप में वर्चूर ने भारत में खेलने के अलग अनुभव और पहली महिला एचआईएल का हिस्सा बनने के अवसर के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए मारिया ने कहा कि मैं इस रोमांच का इंतजार कर रही हूं। इस साल की शुरुआत में भारत में एफआईएच प्रो लीग के दौरान मेरा अनुभव शानदार रहा, जहां मैं प्रशंसकों के जुनून और ऊर्जा से प्रभावित हुई। भारत में हॉकी जीवंत है और स्टेडियमों में माहौल कुछ खास है। मारिया का मानना है कि महिला हॉकी लीग इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण भाग है।

## चोटिल कॉक्स की जगह ओली रॉबिन्सन इंग्लैंड टीम में शामिल

**लंदन,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि चोटिल जॉर्डन कॉक्स की जगह अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन को न्यूजीलैंड दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। कॉक्स ने क्वीन्सटाउन में अभ्यास मैच के दौरान अपने अंगूठे में फ्रैक्चर कर लिया और इसके बाद उन्हें तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज से बाहर कर दिया गया, जबकि बल्लेबाज ओली पोप क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे, जबकि नियमित विकेटकीपर जेमी स्मिथ पितृत्व अवकाश पर हैं।

रॉबिनसन के इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड में टीम में शामिल होने की उम्मीद है और वे 6 दिसंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से ही टेस्ट डेब्यू के लिए दावेदारी पेश करेंगे। यह 25 वर्षीय रॉबिन्सन का इंग्लैंड की सीनियर टीम में पहला चयन है। हाल के दिनों में इंग्लैंड की घरेलू काउंटी चैंपियनशिप में 2024 में 48 की बल्लेबाजी औसत और 2023 में पिछले सीज़न के दौरान और भी अधिक प्रभावशाली 58 के साथ प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले दो सीज़न में 92 आउट के साथ स्टंप के पीछे भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया है।

# वैभव, म्हात्रे और कप्तान अमान पर एसीसी अंडर-19 एशिया कप में रहेंगी सभी की निगाहें

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे बिके सबसे कम उम्र 13 बरस के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वैभव रघुवंशी, मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में बल्ले से धमाल करने वाले 17 बरस के आयुष महात्रे, उत्तर प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अमान, तमिलनाडु के सी.आंद्रे सिद्धार्थ और केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद इनान , कनार्टक के हार्दिक राज और समर्थ नागराज जैसे नौजवान खिलाड़ियों पर शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम में खेले जाने वाले 50 ओवरों के एसीसी पुरुष अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में हर क्रिकेट प्रेमी की निगाह रहेगी। केरल के लेग स्पिनर इनान भारत की अंडर 19 टीम के बतौर गेंदबाज तुरुप के इक्के साबित हो सकते हैं। इनान पाकिस्तान के जाने माने पूर्व पाकिस्तान ऑफ स्पिनर सकलेन मुश्ताक को खासा प्रभावित कर चुके हैं। भारत ने अब तक हुए कुल दस संस्करणों में सबसे ज्यादा आठ बार अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है। भारत इस बार भी अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट खिताब जीतने के मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगा। हाल ही में एशिया में बांग्लादेश और श्रीलंका की अंडर 19 टीमों के भी प्रतिद्वंद्विता खासी तेज हुई है। बांग्लादेश की टीम मौजूदा एसीसी अंडर 19 एशिया कप में मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा। बांग्लादेश ने 2023 में पिछले संस्करण में यूएई को 195 रन से हराकर खिताब जीता था। भारत पिछले संस्करण में बांग्लादेश से सेमीफाइनल में हार कर बाहर हो गया था। भारत की अंडर 19 टीम मौजूदा संस्करण में चिर प्रति पाकिस्तान अंडर 19, जापान अंडर 19 और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ ग्रुप ए में है। वहीं अफगनिस्तान अंडर 19, बांग्लादेश, नेपाल अंडर 19 और श्रीलंका अंडर 19 टीमें ग्रुप बी में है।





■ केरल के लेग स्पिनर इनान भारत की अंडर 19 टीम के बतौर गेंदबाज तुरुप के इक्के साबित हो सकते हैं।

विकेटकीपर बल्लेबाज साद बेग पाकिस्तान अंडर 19 टीम के कप्तान होंगे और उनकी कोशिश इस बार अपनी टीम को खिताब जिताने की हों। एसीसी अंडर 19 एशिया कप के लिए भारत की अंडर 19 टीम इस प्रकार है: आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, सी आंद्रे सिद्धार्थ, मोहम्मद अमान (कप्तान), किरण चोरमाले (उपकप्तान), हरवंश सिंह पंगालिया(विकेटकीपर), अनुराक कावड़े (विकेटकीपर), हार्दिक राज, मोहम्मद इनान, केपी कार्तिकेय, समर्थ नागराज, युद्धजीत गुहा, चेतन शमा, निखिल कुमार। **शुक्रवार : भारत अंडर 19 वि. पाक अंडर 19, दुबई( सुबह साढ़े दस बजे से )।**

# इंग्लैंड के पूर्व मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड एसेक्स में क्रिकेट निदेशक के रूप में लौटे

**लंदन,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड एसेक्स में क्रिकेट निदेशक के रूप में लौटे हैं। सिल्वरवुड, जो 2017 काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने के समय मुख्य कोच थे, दिसंबर के मध्य से यह पद संभालेंगे। वे एंथनी मैकग्रा की जगह लेंगे, जो यॉर्कशायर के मुख्य कोच बन गए हैं। 2010 से शुरू होकर, सिल्वरवुड ने एसेक्स के साथ आठ सीज़न बिताए, जिनमें से दो मुख्य कोच के रूप में थे। उन्होंने मुख्य कोच के रूप में अपने पहले सीज़न में क्लब को डिवीजन वन में बढ़ावा दिया और आगामी सीज़न में एसेक्स को 25 वर्षों में अपना पहला चैंपियनशिप खिताब दिलाने में सफल रहे। क्लब के बयान में सिल्वरवुड ने कहा कि मैं एसेक्स में वापस आकर बेहद खुश हूं। यह एक ऐसा क्लब है जो मेरे लिए बहुत खास यादें रखता है, 2016 और 2017 में मिली सफलता के साथ, और इन वर्षों में एंथनी मैकग्रा की सफलता को देखना बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए काम करने की ज़रूरत है, लेकिन मैं वास्तव में आगे आने वाली चुनौतियों का इंतज़ार कर रहा हूं, जिसमें हमारे घरेलू खिलाड़ियों को विकसित करने में मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने पर ज़ोर दिया गया है। मैग्स द्वारा किए गए काम को आगे बढ़ाते हुए, मैं टीम को उस मुकाम पर पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं जहां हमारे पास गहराई में ताकत हो, जिसमें हमारे अपने स्थानीय खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर हो। सिल्वरवुड ने कहा कि मैं यह सुनिश्चित करने के लिए सीधे काम पर जाने के लिए उत्साहित हूं कि संक्रमण जितना संभव हो उतना सहज हो और टीम अगली गर्मियों में सभी मोर्चों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सर्वोत्तम संभव आकार में हो।



# नीलामी इससे बेहतर नहीं हो सकती थी : रिकी पोंटिंग



**चंडीगढ़,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के थिंक टैंक ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के अंत में सफलता के लिए तैयार की गई टीम को इकट्ठा किया, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग नीलामी की मेज पर टीम के प्रदर्शन से खुश थे और उन्होंने विश्लेषकों और स्काउट्स को उनके प्रयासों का श्रेय देते हुए कहा, कि यह इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पंजाब किंग्स ने नीलामी में केवल दो खिलाड़ियों को बनाए रखा और 110.5 करोड़ रुपये की अधिकतम राशि के साथ, नए मुख्य कोच पोंटिंग के साथ शुरुआत से ही टीम को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद की 18 करोड़ रुपये की अंतिम बोली के खिलाफ अपने राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड का इस्तेमाल करने का फैसला करने के बाद अर्शदीप सिंह को खरीदा.। किंग्स ने आईपीएल जीतने वाले पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो नीलामी में ऋषभ पंत के बाद दूसरा सबसे महंगा सौदा है, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पोंटिंग ने कहा कि नीलामी शानदार रही। ईमानदारी से कहूं तो यह इससे बेहतर नहीं हो सकती थी। इसमें बहुत मेहनत और टीम का बहुत प्रयास रहा। विश्लेषकों ने शानदार काम किया है, उन्होंने मुझे स्थानीय खिलाड़ियों के बारे में बहुत जानकारी दी है। जाहिर है, मैं विदेशी खिलाड़ियों के बारे में बहुत कुछ जानता हूं पीबीकेएस की तीसरी सबसे बड़ी खरीद आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले एकमात्र खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को 18 करोड़ रुपये में खरीदा।

## भारत विदेशी विकेटों और परिस्थितियों में घरेलू मैदान से बेहतर खेलता है : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारतीय टीम विदेशी विकेटों और परिस्थितियों में घरेलू मैदान से बेहतर खेलती है। यह टिप्पणी भारत द्वारा पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराने के बाद आई है। पहली पारी में पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले का फायदा उठाने में विफल रहने के बाद, जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली टीम ने दूसरी पारी में शीर्ष तीन बल्लेबाजों - यशस्वी जसवाल (161), केएल राहुल (77) और विराट कोहली (नाबाद 100) के दमदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के साथ वापसी की। मेहमान टीम ने मैच जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा, जिसे वे हासिल करने में विफल रहे और भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने ढेर हो गए। बुमराह ने मैच में आठ विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा ने क्रमश: पांच और चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया किस अंतर से हारा? लगभग 300 रन से। इसलिए, वे बहुत निराश होंगे। जब भारत ने टॉस जीता तो पहले दिन सभी ने मुझसे बल्लेबाजी करने के बारे में पूछा, और मैंने कहा, नहीं, बिल्कुल, आपको वहां पहले बल्लेबाजी करनी होगी। वहां चार टेस्ट मैच खेले गए हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने चारों बार जीत हासिल की है। आप आंकड़ों के विपरीत नहीं जाना चाहते। हालाँकि वे 150 रन पर आउट हो गए, फिर भी उन्हें उस विकेट पर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिस पर गेंदबाजी करना शायद सबसे अच्छा था। और उन परिस्थितियों में बुमराह, और सिराज, और वास्तव में वे तीनों। और नीतिश रेड्डी। वे सभी बहुत अच्छे हैं। इसलिए, आपको उन्हें श्रेय देना होगा।

## सार संक्षेप

### तरुण संधा ने हिंदुस्तान एफ सी को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में गुरुवार को अम्बेडकर स्टेडियम पर खेले गए नीरस मुकाबले में तरुण संघा ने हिंदुस्तान फुटबाल क्लब को 2-1 से हरा दिया। लीग की दो कमजोर टीमों के बीच के मुकाबले में सभी तीन गोल अंतिम मिनटो में हुए। विजेता के लिए साकिर और मांगली ने क्रमशः 78 और 79 वें मिनट में गोल दागे। लम्बी सीटी से पहले मिली पेनल्टी पर मिसाओ ने हिंदुस्तान का गोल किया। तरुण संघा के जॉनी को प्लेयर ऑफ द मैच नवाजा गया। प्रीमियर लीग में हिंदुस्तान नौ मैचों में मात्र छह अंक ही अर्जित कर पाई है। तरुण संघा ने दस अंक जुटाए हैं। शुक्रवार को फ्रेंड्स यूनाइटेड का मुकाबला यूनाइटेड भारत से तथा वाटिका एफसी का मैच रॉयल रेंजर्स से होगा।

### महाराष्ट्र पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर

**लखनऊ।** लखनऊ में खेली जा रही अंडर-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की 68वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र ने पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। हरियाणा दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। बालक वर्ग में ट्रिपल जंप में पश्चिम बंगाल के सोहम कुमार बिस्वा ने 14.46 मीटर के साथ स्वर्ण अपने नाम किया वहीं 3000 मीटर दौड़ में दिल्ली के बादल 8=30.64 मिनट के साथ गोल्ड अपने नाम करने में सफल रहे। यूपी के विकास कुमार को 8=31.33 मिनट के साथ रजत और बिहार के राजन राज को 8=31.98 मिनट के साथ कांस्य पदक मिला। जैवलिन थ्रो में नवोदय विद्यालय के सुरेन्द्र सिंह ने 65.25 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण जीता।

### यामल ने जीता वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार

**रोम।** बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता। अन्य पिछले विजेताओं में एरलिंग हालैंड , किलियन म्बाप्पे और लियोनेल मेस्सी शामिल हैं। यामन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं। यामल ने इस सत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है तथा ला लीगा में शीर्ष पर चल रही टीम बार्सिलोना के लिए 12 लीग मैचों में पांच गोल दागे हैं। बार्सिलोना की 18 वर्षीय आक्रामक मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।

# चैंपियंस ट्रॉफी भारत के बिना नहीं हो सकती : आकाश चोपड़ा



**जयपुर,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भारत की भागीदारी के बिना नहीं हो सकती। उन्होंने पड़ोसी देशों के बीच सुरक्षा और राजनीतिक तनाव के कारण राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान न भेजने के भारत सरकार के फैसले का समर्थन किया। भारत द्वारा पाकिस्तान जाने से इनकार करने के बाद, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का भविष्य अधर में लटक गया है, क्योंकि शुक्रवार को आईसीसी बोर्ड की बैठक में इसके कार्यक्रम के बारे में अंतिम फैसला किया जाएगा। पाकिस्तान जाने पर भारत की आपत्ति के बीच, टूर्नामेंट संभवत: 'हाइब्रिड मॉडल' में खेला जाएगा, जिसमें भारत अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा। चोपड़ा ने गुरुवार को आईएएनएस से कहा कि सही विकल्प चुना जाना चाहिए और यह हमारी समझ से परे है कि सही फैसला क्या होगा। भारत का पाकिस्तान दौरा बीसीसीआई द्वारा नहीं बल्कि भारतीय सरकार द्वारा तय किया जाता है। अगर उन्होंने पाकिस्तान न जाने का फैसला किया है तो यह पूरी तरह से सही है। यह (चैंपियंस ट्रॉफी) जहां भी खेली जाएगी, भारत के बिना नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि आईसीसी इवेंट भारत के बिना नहीं हो सकता। हमें पता चल जाएगा कि यह कहां खेला जाएगा और भारत सरकार द्वारा लिया गया फैसला बिल्कुल सही है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी और मार्च में पाकिस्तान में तीन स्थानों पर आयोजित की जानी है। लेकिन भारत, जिसने 2008 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है, ने आईसीसी को बताया कि उनकी सरकार ने उन्हें इस महीने की शुरुआत में इस आयोजन के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने जोर देकर कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के बारे में पीसीबी का दृष्टिकोण 'स्पष्ट' है, और उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है कि पाकिस्तान भारत में खेले और वे यहां न आएं।

## चोटिल स्टे़फनी टेलर भारत दौरे से बाहर, डॉटिन वनडे में वापसी को तैयार

**सेंट जोंस (एंटीगा),** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज़ भारत के आगामी सफ़ेद गेंद दौरे पर ऑलराउंडर स्टेफ़नी टेलर के बिना जाएगी। क्रिकेट वेस्ट इंडीज की रिलीज़ के अनुसार 33 वर्षीय टेलर इस समय इंजरी से रिकवर कर रही हैं और भारत में होने वाले आगामी तीन वनडे और टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। दो वर्ष पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुकीं डिएंड्रा डॉटिन ने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में वापसी की थी और वह अब भारत के दौरे पर वनडे में वापसी करेंगी। उन्होंने अपना अंतिम वनडे मार्च 2022 में खेला था लेकिन सफ़ेद गेंद में उनका हालिया फ़ॉर्म शानदार रहा है। डॉटिन 2024 के टी20 वर्ल्ड कप के दौरान सबसे प्रभावी खिलाड़ी थीं और इस महीने की शुरुआत में उन्होंने डब्लूबीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 18 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए थे।

# लक्ष्य व सिंधु सैयद मोदी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में



**लखनऊ,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। शीर्ष वरीय पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने दो लाख दस हजार डॉलर इनामी राशि वाली सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में क्रमश: महिला और पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में पीवी सिंधु ने कड़े मुकाबले में हमवतन इरा शर्मा को 21-10, 12-21, 21-15 से हराया। बीडब्लूएफ में 147वीं रैंकिंग इरा के खिलाफ जीत के लिए विश्व में 18वीं वरीय सिंधु को मशक्कत करनी पड़ी। पहला गेम विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण व डबल ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सिंधु ने आसानी से जीता। दूसरे गेम में सिंधु शुरू में पिछड़ गई और इरा ने 11-1 तक की बढ़त बना ली थी। तीसरे व निर्णायक गेम में पीवी सिंधु ने एक-एक अंक के लिए संघर्ष के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पीवी सिंधु की अब चीन की डाई वांग से टक्कर होगी। पुरुष एकल में शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को आसानी से सीधे गेम में 21-14, 21-13 से हराया। राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य की अब अगले दौर में भारत के माइसनम लुआंग मेरबा से टक्कर होगी। एक अन्य महिला एकल में गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने उलटफेर भरी जीत दर्ज की।

# शिखा पांडे ने वास्तव में हमारे गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत किया है : जेस जोनासेन



**मेलबर्न,** 28 नवम्बर (एजेंसियां) ब्रिसबेन हीट की कप्तान जेस जोनासेन ने मौजूदा डब्ल्यूबीबीएल सीजन 10 में टीम के अभियान पर अनुभवी शिखा पांडे के प्रभाव की सराहना की है,

■ शिखा, जो 2023 महिला टी-20 विश्व कप के बाद से भारतीय टीम का हिस्सा नहीं

साथ ही कहा कि अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज ने खेल की विभिन्न पेचीदगियों के बारे में बात करके वास्तव में बहुत अधिक मूल्य जोड़ा है। शिखा, जो 2023 महिला टी-20 विश्व कप के बाद से भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, ने मौजूदा सीजन में हीट के लिए 10 मैचों में 12 विकेट लिए हैं और डब्ल्यूबीबीएल की टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाई है, जिससे वह ऐसा करने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने क्रिकेटडॉटकॉमडॉटएयू से कहा कि शिखा पांडे जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी का होना, जो स्थानीय खिलाड़ियों के साथ तेज गेंदबाजी के बारे में बात कर सकती हैं, रणनीति और योजनाओं के बारे में बात कर सकती हैं, मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसने हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण को बहुत अधिक मूल्यवान बना दिया है, खासकर, मुझे लगता है कि उनमें से बहुत सी लड़कियां वास्तव में इससे बहुत आगे निकल गई हैं। इस क्लब ने वर्तमान में प्रतियोगिता में लगातार पांच मैच जीते हैं, इसके अलावा आगामी चैलेंजर मैच के लिए भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को भी अपने साथ शामिल किया है, जो शुक्रवार को एलन बॉर्डर फील्ड में फाइनल में जगह बनाने के लिए सिडनी थंडर के खिलाफ खेला जाएगा। शुक्रवार के मुकाबले की विजेता टीम रविवार को एमसीजी में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ फाइनल में भिड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि केवल वे लोग चिंतित थे जो इन दीवारों के बाहर से थे। मुझे लगता है कि हमने कुछ संदेहियों को गलत साबित कर दिया है, लेकिन हम इस बात को साबित करने में अभी भी विफल नहीं हुए हैं, जोनासेन ने कहा कि यह इस बात का हिस्सा है कि महिला खेल किस दिशा में जा रहा है, और इसमें जो व्यावसायिकता है, उसमें खिलाड़ियों की आवाजाही होगी। यह क्वींसलैंड में हमारे घरेलू ढांचे की ताकत को दर्शाता है, कि हम इतनी प्रतिभाएं पैदा करते हैं।

# सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरू एफसी को बचाया

## दिलाई मोहम्मडन एससी पर जीत



■ बेंगलुरू एफसी की जीत में सुनील छेत्री ने 82वें और 90+9वें मिनट में गोल किए

**कोलकाता,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरू एफसी की नैया को डूबने से बचाते हुए मोहम्मडन एससी पर जीत शानदार जीत दिलाई। उनके दोनों गोलों की मदद से ब्लूज ने बुधवार को एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान ब्लैक पैंथर्स पर 2-1 से जीत हासिल की। बेंगलुरू एफसी की जीत में सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक) 82वें और 90+9वें मिनट में गोल किए। सुनील छेत्री को ऐतिहासिक दोनों गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस हार के बाद मोहम्मडन स्पोर्टिंग का आईएसएल 2024-25 में अपनी पहली घरेलू जीत का इंतजार बढ़ गया है और साथ ही वो अपने पांच घरेलू मैचों में जीत से दूर रहने वाली आईएसएल इतिहास की पहली टीम बन गई है। इससे रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव निश्चित रूप से निराश होंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग आठ मैचों में एक जीत, दो ड्रा और पांच हार से पांच अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ब्लूज द्वारा पिछड़ने के बाद शानदार जीत हासिल करने से स्पेनिश हेड जेरार्ड जारागोजा जरूर राहत महसूस कर रहे होंगे। बेंगलुरू एफसी नौ मैचों में छह जीत, दो ड्रा और एक हार से 20 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंच गई है।

## सार समाचार

### पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**विदिशा, देशबन्धु।** लायंस क्लब विदिशा बेतवा ने पीस पोस्टर प्रतियोगिता शेरपुरा गर्ल्स स्कूल में आयोजित कराई। जिसमें पीस पोस्ट थीम थी पीसी विदाउट लिमिट्स जिसमें 100 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खूब सुंदर ड्राइंग बनाई। इस सभी बच्चों को ड्राइंग शीट, कलर पेंसिल और स्केच पेन दिए। सभी बच्चों को प्राइज दिए गए। इस अवसर रीजन संध्या, जॉन चेयर शर्मा, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अभिलाष बिंदल, क्लब अध्यक्ष अंजू मित्तल, सेकेट्री सुचिता सराफ, ट्रेजर स्वाति चौकसे, प्रतिभा सिंह, मिथलेश साहू, अनामिका श्रीवास्तव, क्लब के सभी सदस्य एवं स्कूल का पूरा स्टाफ और स्कूल के पूरे बच्चे सम्मिलित हुए।

### माधव उद्यान में लगा योग शिविर



**विदिशा, देशबन्धु।** गुरूवार को लायंस क्लब विदिशा बेतवा ने माधव उद्यान में योग शिविर और डायबिटीज शिविर लगाया। लगभग 50 लोगों ने योग शिविर का लाभ लिया। योग गुरु ने बताया कि योग हमारे लिए कितना जरूरी है जैसे हमारे लिए अन्य और जल जरूरी है उतना ही योग जरूरी है योग के बिना हम अधूरे हैं सारी बीमारियों से हम मुक्ति तभी पाएंगे जब हम रोज सुबह योग करेंगे इसलिए हमें योग करना चाहिए। डायबिटीज शिविर में लगभग 100 लोगों की जांच की गई। जिसमें तीन लोगों की शुगर बढ़ी हुई आई और दो लोगों की शुगर कम, नॉर्मल से कम आई और लगभग 100 लोग इससे लाभान्वित हुए और योग शिविर से लगभग 50 लोग लाभांवित हुए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अंजू मित्तल एवं मिथलेश साहू, प्रदीप मित्तल आदि मौजूद थे।

### बाइक सहित 299 क्वाटर शराब जब्त

**छतरपुर, देशबन्धु।** महोबा रोड स्थित फोरलेन ब्रिज के पास बाइक पर लादकर अवैध रुप से ले जाई जा रही 299 क्वाटर शराब जब्त करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्यवाही आबकारी विभाग की टीम ने की है। बताया गया है कि बाइक से ले जाई जा रही 299 क्वाटर देशी शराब जब्त की है, जो 54 लीटर है।

स्कूल में हुआ हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन

# छात्र-छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा और अपराधों को लेकर किया जागरूक



**विदिशा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अति पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना नटेरन द्वारा श्रीकृष्ण विद्या सागर विद्यालय नटेरन में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा, अपराधों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशा मुक्ति के विषय में जानकारी देना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत, मआर हिमांशु साहू, आर. प्रदीप, आर. सुनील एवं स्कूल प्राचार्य कमलेश कुमार मालवीय के साथ लगभग 350 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा अपराधों के उन्मूलन और वर्तमान समय में हो रहे महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के बारे में वैधानिक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें नशा मुक्ति के विषय में भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप छात्र-छात्राएं जेंडर आधारित हिंसा और अपराधों के बारे में जागरूक हुए और उन्हें नशा मुक्ति के विषय में जानकारी मिली। कार्यक्रम के उपरांत, छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

## छात्र-छात्राओं से संवाद कर बाल विवाह रोकने के लिए दिलाई शपथ

**विदिशा, देशबन्धु।** हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम करारिया लशकरपुर एवं कागपुर स्थित शा.उ.मा. विद्यालय में बाल विवाह निषेध जागरूकता हेतु बालक-बालिकाओं के मध्य जागरूकता एंव संवाद कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना विदिशा ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर देवखजूरी में आयोजित किया गया। बालक-बालिकाओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी महिला हेल्पलाइन 181, 1098, सायबर सुरक्षा हेल्प लाइन 1930, पाक्सो एक्ट 2012 की जानकारी सभी वक्ताओं द्वारा दी गई और बाल विवाह रोकने हेतु शपथ ली गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग जिला विदिशा की ओर से संयुक्त संचालक विवेक शर्मा, बृजेश जैन, परियोजना अधिकारी जयंति वाला आर्य, संतोष रघुवंशी, अरविंद मिश्रा, करारिया थाना टीआई शंकुतला, कागपुर चौकी एएसआई शांतिलाल, पर्यवेक्षक रजनी शर्मा, पर्यवेक्षक संगीता सूर्यवंशी, विद्यालय प्राचार्य अलका बागड़ी (करारिया लश्करपुर), अखिलेश बघेल (कागपुर), आंगनवाड़ी कार्यकती पार्वती अहिरवार, साधना सेन, ज्ञानवती, नीतू, किरण, पप्पी जाटव, विस्मिल्ला बी, आरती दिलेरिया की गरिमामयी उपस्थिती रही।

### बड़ोह में हुआ आयोजन

कुरवाई परियोजना के बड़ोह सेक्टर में पर्यवेक्षक अनामिका जाट द्वारा भी आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के महिला कानूनों की जानकारी दी गई। वहीं आज के बदलते दौर में महिलाएं भी पुरुष की भांति सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार रखती हैं, महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों का हनन ना हो इसके लिए कानून व्यवस्था भी की गई है। जिससे समाज में महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ग्रामीण महिला उपस्थित रहीं। इस दौरान शपथ भी ली गई।

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान



**सिरोंज, देशबन्धु।** गुरूवार को कार्यक्रम एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना सेक्टर गोपाल नगर के आंगनबाड़ी केंद्र बरेज में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान सुपरवाइजर इमा बेला किस्पोट्टा, सुपरवाइजर अनीता मौर्या और गोपालनगर सेक्टर पर्यवेक्षक रितु शर्मा द्वारा किया गया। इसमें सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं किशोरी बालिका कार्यक्रम में उपस्थित रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं हिंसा बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। बालिकाओं के शिक्षा एवं स्वावलंबी बनने के लिए समझाइस दी गई। माता-पिता को बालिका का विवाह 18 वर्ष से पूर्व न करने हेतु समझाइश दी गई एवं कार्यकर्ता मीना शर्मा एवं प्रतिमा पाल द्वारा भी इस कार्यक्रम के सफल बनाने में योगदान दिया।

### आसिफ पटेल बने हज कमेटी के जिला उपाध्यक्ष



**विदिशा, देशबन्धु।** 28 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के नेता आसिफ पटेल को हज कमेटी के जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। आसिफ पटेल की नियुक्ति जिला हज कमेटी के अध्यक्ष आमिर सरकार द्वारा की गई है। आमिर सरकार ने कहा कि आसिफ पटेल की खिदमत को देखते हुए और समाज के प्रति जागरूकता देखते हुए उन्हें हज कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया। आसिफ पटेल की नियुक्ति पर अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## थाना प्रभारी ने ली मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक



**सिरोंज, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार द्वारा मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मैरिज गार्डन का अधिकतम क्षेत्र सीसीटीव्ही की निगरानी में हो। मुख्य गेट पर कैमरें लगे हो। शादियों में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नियमानुसार किया जाए। वर व वधु पक्ष के अतिरिक्त अन्य अवांछित लोगों पर नजर रखी जाने सहित अन्य सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई।

### कांग्रेस जिला सचिव ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, देशबन्धु।** कांग्रेस जिला सचिव मो. फरीद खान ने एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि नपा के पीछे स्थित फायर ब्रिगेड की गोदाम काफी जर्जर हो चुकी है जो कभी गिर सकती है। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है और नपा के पीछे बने स्टोर रूम को अज्ञात लोगों ने पेशाब घर बना रखा है जिससे मोहल्लेवासी बदबू से परेशान है। एवं नपा के पीछे अज्ञात लोगों द्वारा हाथ ठेले बीच रोड पर खड़े कर रखे है और रात्रि में उक्त हाथ ठेलों की संख्या और बढ़ जाती है जिससे ट्रैक्टर टॉली नहीं निकल पाते और छोटे छोटे बच्चे बैडमिंटन नहीं खेल पाते है।

## अतिक्ति पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक

- आगामी त्यौहारों एवं सोशल मीडिया पर निगाह रखने के संबंध में दिए गए दिशा-निर्देश



**विदिशा, देशबन्धु।** 28 नवंबर को पुलिस कंट्रोल रूम में अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने आसूचना कर्मियों की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें जिला विशेष शाखा प्रभारी गोपाल सिंह बघेल, क्षेत्राधिकारी विशेष शाखा कपिल मिश्रा सहित जिले के सभी आसूचना कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधि पर विशेष निगाह रखने, सोशल मीडिया पर धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने वाले व्यक्तियों पर निगाह रखने एवं कार्यवाही करने के साथ ही जुआ, सट्टा, अवैध शराब आदि की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने हेतु निर्देश दिए गए।

## स्वच्छता के सभी मापदण्डों पर हरेक निकाय खरे उतरें : कलेक्टर

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले की सभी नगरीय निकायों के कार्यो की समीक्षा गुरूवार को कलेक्टोरेट के बेतवा सभागार कक्ष में की। उन्होंने निकायो के अधिकारियों व उपयंत्रियों से कहा कि स्वच्छता संबंधी कार्यो में एक भी निकाय जिले का पीछे ना रहें। टीम के सदस्यों द्वारा सर्वेक्षण कार्यो का जायजा स्वच्छता के माध्यम से लिया जाएगा। इसके लिए चहुंओर स्वच्छता परलिक्षित हो। उन्होंने निकायो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रात: निकाय क्षेत्रों का भ्रमण कर निकाय अमले द्वारा स्वच्छता कार्यो का संपादन किया जा रहा है कि नहीं का जायजा जरूर लें।

कलेक्टर श्री सिंह ने जनभागीदारी के कार्यो पर बल देते हुए कहा कि निकाय क्षेत्र के सभी नागरिकों तक स्वच्छता के मापदण्डो का संदेश पहुंचे और उनका अनुपालन उनके द्वारा किया जाए के लिए अभिप्रेरित करें। जिन क्षेत्रों में सख्त कार्यवाही की आवश्यकता हो तो आर्थिक और दण्डात्मक दोनो कार्यवाहियां एक साथ संपादित करें। उन्होंने क्षेत्रो के एसडीएमो से सतत सम्पर्क बनाए रखने और उनकी लीडरशिप में स्वच्छता सहित निकाय के अन्य कार्यो में आवश्यकता के अनुसार मदद लें। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगरीय प्रशासन विभाग की बैठक में उपस्थित सभी नगर पालिका सीएमओ सहित अन्य उपन्यत्री व अधिकारियों से कहा कि आगामी वर्षाकाल में जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में चिन्हित जल भराव क्षेत्रों में फिर से जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए अभी से ही तैयारी करें संसाधन और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर इन क्षेत्रों में जल भराव ना हो इसके लिए निष्कर्ष निकाले। जल भराव की समस्या से निपटने के लिए एक ठोस प्लान तैयार करें। बैठक में नगरीय निकाय क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा जिन-जिन क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है की जानकारी दी गई थी।



### आम आदमी पार्टी कार्यालय में हुई बैठक



**विदिशा, देशबन्धु।** बंटीनगर चौराहा पर आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश ने यूथ विंग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। भोपाल से आए स्टेट ज्वांइट सेकेट्री सुमित चौहान तथा यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष विनायक तोमर ने पार्टी के युवा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को संबोधित किया।

तोमर ने संबोधित करते हुए युवाओं से आग्रह किया कि वे पार्टी की उपलब्धियों को हर एक गांव, वार्ड, मोहल्ले में जन-जन तक पहुंचाएं और युवाओं को निरंतर आम आदमी पार्टी के कार्यों को लेकर जागरूक करते रहें। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, अर्जुन सिंह मीना जिला अध्यक्ष ओवीसी विंग, यूके त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष बुद्धीजीवी प्रकोष्ठ, मनोज श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष लीगल विंग, रघुवीर तिवारी जिला उपाध्यक्ष किसान विंग, नर्बदा प्रसाद लोधी जिला संयुक्त सचिव, योगेश मिश्रा, निरंजन सिंह, अमर सिंह, अमित सिंह, अर्जुन शर्मा आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**विदिशा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संयुक्त मोर्चा द्वारा कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन दिया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शासन द्वारा हाल ही में निकाली गई विभिन्न पदों की नियुक्तियों के संबंध में चतुर्थ श्रेणी वर्ग के लिए निकाल गई नियुक्तियों को आउटसोर्स से भरने पर आपत्ति जताई है। मोर्चा के पदाधिकारी राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिले में लगभग 1000 के आसपास चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं, उन्होंने ज्ञापन के जरिए मांग की है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो अभी तक आउटसोर्स पर थे उन्हें नियमित किया जाए।

## हम होंगे कामयाब परववाड़ा अंतर्गत गर्ल्स स्कूल में कार्यशाला का आयोजन हुआ




**विदिशा, देशबन्धु।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, ई गवर्नेंस और पुलिस विभाग के संयुक्त समन्वय से छात्राओं को लिंग आधारित हिंसा एवं सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरुक का संदेश देने एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ई गवर्नेंस के जिला प्रभारी डॉ. अमित अग्रवाल, चंद्रजीत सिंह द्वारा छात्राओं को सायबर फ्रॉड, सोशल मीडिया के सही उपयोग, डिजिटल अरेस्ट इत्यादि विषयों पर आवश्यक जानकारीयां सांझा की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग से वन स्टॉप सेंटर प्रशासक कृतिका व्यास द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक हेल्पलाइन नंबर्स और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

महिला प्रधान आरक्षक शमा परवीन, महिला आरक्षक रानी कनोजिया ने डायल 100 एवं महिला सुरक्षा हेल्प डेस्क के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी गई। संस्था प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला ने सभी छात्राओं की और से आभार व्यक्त किया।

## यातायात निर्बाध रूप से सुगम हो के तमाम प्रबंध सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टोरेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा, सीएसपी अतुल सिंह के अलावा समिति के अन्य सदस्यगण व मीडियाबंधु मौजूद रहें।

कलेक्टर ने कहा कि समिति का मुख्य उद्धेश्य विदिशा जिले में यातायात निर्बाध रूप से सुगम हो खासकर शहरी क्षेत्रो में आवागमन के दौरान वाहन चालकों, पदयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधाएं ना हो तो वहीं वाहनों की पार्किंग के ऐसे प्रबंध किए जाएं जिससे किसी भी प्रकार के अवरोध ना हो पाएं। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर, आटो चालकों की पृथक से बैठक आयोजित कर उन्हें यातायात गाइड लाइन से अवगत कराते हुए अक्षरश: पालन सुनिश्चित कराए जाने पर बल दिया है। इस कार्य के लिए जिला परिवहन अधिकारी को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को परिवहन करने वाले आटो सभी मापदण्डो से परिपूर्ण हो खासकर पीछे जाली लगाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी आटो की जानकारियां परिवहन कार्यालय व नगरपालिका क्षेत्र में अनिवार्य रूप से हो ओर उन्हें निकायों के माध्यम से नम्बर आवंटित किए जाएं।



कलेक्टर ने कहा कि सड़को के संबंध में जो ब्लैकस्पॉट चिन्हांकित किए गए है उन स्थानो पर विशेष सतर्कता के लिए सांकेतिक चिन्हों का प्रदर्शन हो ताकि वाहन चालको को किसी भी प्रकार की असुविधाएं ना हो और ब्लैकस्पॉट क्षेत्र पर कोई घटना घटित ना हो। कलेक्टर ने विदिशा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर हेतु चिन्हिंकित की गई जमीन का ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी व आरटीओ संयुक्त रूप से भ्रमण कर अवलोकन कराएं और किए जाने वाले प्रबंधो से अवगत कराने के उपरांत ट्रांसपोर्ट यूनियन की सहमति प्राप्त करें ताकि शिफ्टिंग होने से पूर्व बुनियादी आवश्यकताओं को ध्यानगत रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधो का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो सकें।

**रोको-टोको**

कलेक्टर ने परिवहन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो। वाहन चालक नियमों का पालन करें इसके लिए सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ एनसीसी कैडेटो के सहयोग से प्रत्येक शनिवार को रोको टोको कार्यक्रम के माध्यम से जनजागरूकता के कार्य संपादित किए जाएं। वहीं शहर के प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर यातायात नियमों के पालन हेतु जनजागरूकता लाने के कार्य संपादित किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गो के डिवाइडरो के सौंदर्यीकरण कार्य अभियान के रूप में जनभागीदारी से कराया जाए। अब इन डिवाईडरो को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए गमले रखे जाने के कार्य की अद्यतन स्थिति से एसडीएम ने अवगत कराया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निकायों एवं सड़क निर्माण विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवश्यक स्थलों पर अद्यतन साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं ताकि परिवहन चालको को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि विदिशा शहर के अन्दर कुछ साइन बोर्ड ऐसे है जिन पर पुरानी जानकारियां उत्कृत है अत: उनके स्थान अपडेट जानकारियां संधारित की जाए। उन्होंने स्टेट हाईवे, एनएचएआई और एमपीआरडीसी की सड़को के निर्माण कार्यो तथा संबंधित चौराहे व टर्निंग पाइंट के साथ-साथ प्रवेश निगम मार्गो को ध्यानगत रखते हुए रेडियमयुक्त साइनबोर्ड लगाए जाएं। इसी प्रकार उन्होंने रम्बल स्ट्रिप लगाए जाने के संबंध में निर्देशित किया है।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### 1 दिसंबर को होगा दिवाली गोठान महोत्सव

**बैतूल, देशबन्धु।** सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान में 1 दिसंबर रविवार को जिला स्तरीय दिवाली गोठान सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

समाज के अविनाश धुर्वे ने बताया कि जिला मुख्यालय पर दिवाली गोठान महोत्सव में आदिवासी समाज की संस्कृति रीति रिवाज, परंपरा देखने को मिलेगी। दिवाली गोठान महोत्सव में पूरे जिले से गोंड ठाटिया (गायकी) समुदाय के जाने माने 200 से अधिक कलाकार गोठान में गायकी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। गोंडी डंडार की लगभग दो दर्जन टीमों के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। कोरकू आदिवासी समुदाय की गड़ली नृत्य की टीमें भी महोत्सव में शिरकत करेगी। अंकित कुमरे ने बताया कि दिवाली गोठान सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत पड़ापेन ठाना सदर से शुरुआत होगी एवं गोठान महोत्सव रानी दुर्गावती आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। पूर्व पार्षद दुर्गा उइके ने बताया कि इस गोठान सांस्कृतिक महोत्सव में बैतूल जिले के अलावा अन्य जिलों के भी आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुचेंगे।

### इरशाद खान बने प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के जिला अध्यक्ष



**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (पीसीडब्ल्यूजे) ने समाचार पत्र अग्निवर्षा के ब्यूरो चीफ इरशाद खान को प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का बैतूल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। संगठन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. सैय्यद खालिद कैंस द्वारा इरशाद खान की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राष्ट्रीय महासचिव प्रशासनिक शशि दीप, मुंबई ने इरशाद खान को बधाई देते हुए कहा कि वे बैतूल जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय सचिव डॉ. जाकिर शेख, सारनी ने इरशाद खान को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करेंगे और जिले में संगठन के विस्तार में अहम योगदान देंगे। इरशाद खान को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बैतूल जिले के पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### विश्व विकलांग दिवस का आयोजन



**बैतूल, देशबन्धु।** विकासखंड बैतूल मेंविश्व विकलांग दिवस पर विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीपीसी कार्यालय से आए एपीसी राजेश तुरिया, हाई स्कूल सदर और हाई स्कूल गर्ग कॉलोनी के प्राचार्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विकासखंड की विभिन्न शालाओं से आए दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें 100 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता और नृत्य प्रतियोगिता शामिल थीं। हर प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने का सार्थक प्रयास साबित हुआ।

### 65 लाख से चमकेंगी घोड़ाडोंगरी की सड़कें, जनता में उत्साह

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी कायाकल्प योजना के दूसरे चरण की शुरुआत घोड़ाडोंगरी नगर में धूमधाम से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष मीरावंती उइके, उपाध्यक्ष हरप्रीत सोनू खनूजा, सभापति सोना राजपूत, कविता महाले और योगेश कवडे द्वारा नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा-पाठ कर किया गया। डामरीकरण का कार्य मेन रोड से शुरू होकर जनपद पंचायत से पिपरी की ओर जाएगा। इस परियोजना में लगभग 65 लाख रुपए की लागत आएगी। नगर में हो रहे इन विकास कार्यों से जनता में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच नंदकिशोर उइके, दुष्यंत महाले, भारत साहू, सुमित तंवर, कार्यालय स्टाफ से संजय साहू, ओम पवार, राहुल पाटनकर, धनराज सोनारे और राहुल उइके सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चंदे की राशि चोरी कर फरार हुआ युवक

**बैतूल, देशबन्धु।** हमलापुर के मांझी सरकार कार्यालय से चंदे की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। संस्था के संयोजक और मध्य प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रवण परते ने गंज थाना प्रभारी से शिकायत करते हुए बताया कि अनावेदक दिनेश पिता मेथु उम्र 30 वर्ष, निवासी खेरी, तहसील रेहटी, सिहोर ने 50 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। घटना 22 अक्टूबर 2024 की है, जब दिनेश ने रैन बसेरा करने के लिए श्रवण परते से रात में ठहरने की अनुमति मांगी। मानवता के नाते श्रवण परते ने उसे अपने कमरे में रुकने दिया। रात 7 बजे के बाद दिनेश ने श्रवण परते की जेब से संस्था के लिए एकत्र की गई चंदे की राशि चुरा ली और फरार हो गया। घटना के बाद आवेदक ने कई बार अनावेदक के फोन नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन नंबर बंद था। एक बार जब फोन लगा, तो उसे किसी और ने उठाया। श्रवण परते ने 29 अक्टूबर को गंज थाना में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# बीएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को अब तक नहीं दी गई अंकसूची

## जन अभियान परिषद के अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी के आरोप

- **पार्षद ने कलेक्टर से की शिकायत**

**बैतूल, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रिया चौधरी और संभागीय समन्वयक कौशलेश तिवारी पर नियमों की अनदेखी और धांधली के गंभीर आरोप लगे हैं। वार्ड क्रमांक 15, नगर परिषद चिचोली की पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने कलेक्टर से शिकायत कर इन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में वर्ष 2019-20 के बीएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के 22 छात्रों की अंकसूची अब तक नहीं दिए जाने का भी मुद्दा उठाया गया।

नेहा रूपेश आर्य ने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों द्वारा बैतूल जिले के विकास खंडों में अपनों को उपकृत करने और अयोग्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं को चयनित कर नियमों की अनदेखी की जा रही है। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2019-20 के बीएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के 22 छात्र-छात्राओं को अब तक उनकी अंकसूची नहीं दी गई है। छात्रों ने बार-बार निवेदन किया, लेकिन अधिकारियों ने कभी विश्वविद्यालय का हवाला देकर तो कभी सप्ताहभर में अंकसूची देने की बात कहकर उन्हें टाल दिया। छात्र-छात्राओं में नोमेश इवने, प्रहलाद राठौर, सपना इवने, कृष्णा कुमरे, शिवलु इवने, दिलीप काकोडिया, बंटी वाडिवा, मोनिका धुर्वे, कंचना धुर्वे, सविता सलामे, विजय उबनारे, सतीश मर्सकोले और विनोद इवने शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया कि जिले में परामर्शदाताओं के चयन में योग्यता और अनुभव की अनदेखी की गई। योग्य व्यक्तियों और संस्थाओं को दरकिनार कर अयोग्य लोगों को मौका दिया गया। चयन समिति को भी नजरअंदाज किया गया। कई ऐसी संस्थाओं का चयन किया गया जो जिले के बाहर की हैं और जो फर्म एवं सोसायटी में पंजीकृत भी नहीं हैं।

नेहा रूपेश आर्य ने आरोप लगाया कि नवांकुर योजना के अंतर्गत भी नियमों के विरुद्ध जाकर संस्थाओं का चयन किया गया। ऐसी संस्थाओं को कार्य दिया गया जो नियमावली के विपरीत हैं। स्थानीय विकासखंड के नियमों का उल्लंघन करते हुए बाहरी संस्थाओं को प्राथमिकता दी गई। छात्रों ने बताया कि अंकसूची न मिलने के कारण वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। छात्रों ने जिला समन्वयक से बार-बार अनुरोध किया लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया गया। ज्ञापन में सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी और संभागीय समन्वयक कौशलेश तिवारी पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मोहन नागर, उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल, और योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रमुख सचिव को भी भेजी गई है। शिकायत करने वालों में प्रमुख रूप से जमदूसिंग अहाके, मोमेस, नोमेस, विनोद इवने, बंटी वाडिवा, सविता सलामे, विनोद इवने शामिल थे।

# चिचोली ब्लॉक मे धूमधाम से मनाया जा रहा है विश्व शौचालय दिवस



**चिचोली, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के दवरा कलेक्टर नरेन्द्र सुर्यवंसी महोदय के निर्देश पर जनपद पंचायत चिचोली ब्लॉक के समस्त ग्रामीण क्षेत्र मे हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान कार्यक्रम मे विश्व शौचालय दिवस 10 दिसम्बर तक धूमधाम से मनाया जा रहा है। ब्लॉक कॉर्डिनेटर बिरबल रावत ने बताया शासन द्वारा 10 दिसंबर तक स्वच्छता अभियान पखवाडा एवं हमारा शौचालय हमारा सम्मान कार्यक्रम चलाया जा रहा है ,जिसमे ग्रामीण क्षेत्र मे शौचालय से वंछित लोगो को चिन्हित सर्वे कर शौचालय निर्माण कराने को लेकर ब्लॉक के समस्त स्वच्छता ग्राहीयो की बैठक जनपद पंचायत सभाहाल मे हुई, जिसमे जनपद सदस्य सुमन बिहारे सपना इवने ने समस्त स्वच्छता ग्राहीयो को ग्रामीण क्षेत्र मे शौचालय निर्माण का सर्वे कर चिन्हित करने के निर्देश दिये गए और स्वच्छता अभियान पखवाडा चलाकर चित्रकला प्रदर्शनी दिवार लेखन सहित अन्य प्रतियोगिताओ के माध्यम से जागरूक करे।

# बरेठा घाट पर ट्रक मे चढ़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चिचोली, देशबन्धु।** थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि अंकुश पिता श्रीरामदुलारे राठौर उम्र 33 साल निवासी भौरा आजाद वार्ड भौरा व्दारा आयसर गाड़ी से लहसुन के कट्टे चोरी होने के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र पेश किया जो अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध होना पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडी.ओपी मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के बरेठा घाट में हो रही ट्रक कटिंग की रोकथाम हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में सउनि सुनील कैथवास, प्र. आर. सेबलाल, आर. राजेश, आर. नीरज, आर. शुभम की टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान आरोपीगण छोटेलाल उर्फ छोटे पिता मन्नू परते उम्र 30 साल निवासी भक्तनढाना 2. अन्नू



बाई पति रामसिंह उड़के उम्र 43 साल निवासी पाठई 3. टिल्ला उर्फ टीकम पिता नत्थू धुर्वे उम्र 32 साल निवासी पाठई 4. हेमू उर्फ हेमराज पिता बनवारी परते उम्र 20 साल निवासी पाठई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण में आरोपियो से जप्तशुदा मशरूका 10 गट्टी लेहसुन जप्त किया गया, प्रकरण में फरार आरोपी राकेश पंद्राम पिता भागमल पंद्राम उम्र 28 साल निवासी पाठई एवं राजकुमार पिता रामसिंह उड़के निवासी पाठई की तलाश पतारसी के प्रयास किये गये जो घटना दिनांक से फरार है।

# सावंगी में जल संरक्षण के संकल्प के साथ किया बोरी बंधान

## परमार्थ के लिए कार्य करना ही सच्चा समाज कार्य-राने

### जल संरक्षण का महत्व समझे प्रत्येक व्यक्ति- चौहान

**बैतूल, देशबन्धु।** जल संकट के बढ़ते खतरे को देखते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के निर्देशन में जल संरक्षण को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम सावंगी में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां सेक्टर आठनेर के परामर्शदाता गोवर्धन राने ने अपना जन्मदिन बोरी बंधान कर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, चराचर जगत में प्रत्येक प्राणी को जल की आवश्यकता होती है। यदि हम इस अमूल्य जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो कौन करेगा? परमार्थ के लिए निस्वार्थ कार्य करना ही सच्चा समाज कार्य है।

मेंटर आशुतोष सिंह चौहान ने कहा कि जल संकट का भयावह रूप भविष्य में देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा,बिन पानी सब सून की पंक्ति आज के समय में पूरी तरह सटीक है। हमें जल संरक्षण के महत्व को समझकर समाज में जनजागरूकता लाने का प्रयास करना होगा। इस कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने जल संरक्षण के संकल्प के साथ इस संदेश को आगे बढ़ाने का



संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बोरपानी के अध्यक्ष राजू सलाम, सावंगी के अध्यक्ष दिनेश माकोड़े, मेंटर दिनेश साकरे, रघुनाथ दवडे, रमेश दवडे, हनुमंत राने, आकाश पाटिल, हेमलता दवडे, अश्विनी माकोड़े, प्रतीक घोरसे, जयश्री देशमुख, वैष्णवी मुलिक, रवीना कुमरे, साक्षी तायवाड़े, पीयूष कुमरे, प्रतीक मगरदे, उमेश कासदे सहित बड़ी संख्या में प्रस्फुटन समिति के सदस्य और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर बल दिया। मेंटर आशुतोष सिंह चौहान ने कहा कि जल संकट से बचने के लिए हमें तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे। अगर हम अभी नहीं संभले, तो भविष्य में भीषण जल संकट झेलना पड़ेगा।

**भोजन प्रसादी के साथ हुआ समापन**- कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण के संकल्प और भोजन प्रसादी के साथ हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया और समाज में जागरूकता फैलाने का वचन दिया। गोवर्धन राने का यह जन्मदिन समाज सेवा और परमार्थ का अनुपम उदाहरण बन गया।

# स्टाल प्रतियोगिता के विजेता घोषित

## न्यू बैतूल स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

**बैतूल, देशबन्धु।** न्यू बैतूल स्कूल कोठी बाजार बैतूल के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच आयोजित स्टाल प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती विनिता गर्ग और श्रीमती निशा पटेल ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की



भूमिका विनिता गर्ग, निशा पटेल, अश्विनी महाले और नीलम उइके ने निभाई। कार्यक्रम की सफलता में प्रतियोगिता प्रभारी संदीप कौशिक, पुरुषोत्तम शुक्ला और निधि शर्मा का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य देवेंद्र ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत की सराहना की।

प्रतियोगिता के माध्यमिक स्तर पर कक्षा आठवीं ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा छठवीं को दूसरा स्थान मिला, तीसरा स्थान सातवीं ने प्राप्त किया.इन कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स और रचनात्मकता से निर्णायकों का दिल जीत लिया। हाईस्कूल स्तर की प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं अ ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा दसवीं बी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तीसरा स्थान नवमी ब ने प्राप्त किया.तीनो कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक स्टाल प्रस्तुत किए, जिन्हें निर्णायकों ने खूब सराहा। हायर सेकेंडरी स्तर पर कक्षा 12वीं कॉमर्स ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी काबिलियत साबित की। द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं विज्ञान एवं तीसरा स्थान बारहवीं विज्ञान ने हासिल किया। इन कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स में अद्भुत नवीनता और गहराई का परिचय दिया।

शाला स्तर की सर्वश्रेष्ठ 5 की श्रेणी में कक्षा दसवीं अ ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं कॉमर्स दूसरे स्थान पर रही। तीसरा स्थान कक्षा 11वीं विज्ञान, चौथा स्थान 12वीं गणित व 8वी और पांचवा स्थान 6वी ने हासिल किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजय शुक्ला,नवनीत साहू, सरिता मिश्रा और रमेश जोशी का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य देवेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारने का कार्य करती हैं। सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सेमीफाइनल में पहुंची डीसीए जूनियर



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम कोठी बाजार में चल रही स्व.बुधराव देशमुख और स्व. ठाकुर चंद्रचूड़ सिंह किलेदार स्मृति कप में गुरुवार को आखिरी क्वार्टर फाइनल मैच डीसीए जूनियर और हरदा के मध्य खेला गया। संगठन के अनिल दीक्षित ने बताया कि पत्रिका समाचार के ब्यूरो चीफ घनश्याम राठौर द्वारा कराए गए टॉस को जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए जूनियर ने अच्छी शुरुआत की। निखिल रघुवंशी और कप्तान दीपक रघुवंशी की जोड़ी ने 56 रन बनाए। दीपक रघुवंशी ने 17 बालों पर तीन चौकों की मदद से 18 रन बनाएं। दूसरा विकेट निखिल रघुवंशी के रूप में 65 रन पर गिरा। निखिल ने आउट होने के पूर्व 18 गेंद पर 7 चौके और एक छक्के की मदद से 40 रनों का योगदान दिया। अभिमन्यु तोमर के 20 रनों की मदद से तीसरा विकेट 98 रनों पर 11वें ओवर में गिरा। तब डीसीए मुसीबत में फसती दिखी। ऐसे में अमन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम का स्कोर 166 रनों तक पहुंचाया। एक छोर पर साहिल कवड़े अच्छी बल्लेबाजी करते रहे उन्होंने टीम के लिए 46 रन बनाए जबकि अमन ने 41 रन बनाए। समर ने तेजी से आठ गेंद पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 26 रनों का योगदान दिया। निर्धारित ओवरों में टीम ने 204 रन 9 विकेटों पर बनाएं जगेंद्र तोमर, शैलेश गुबरेले, शंकर चौकीकर ने बताया कि खिलाड़ियों से परिचय दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ अशोक मालवी, पत्रिका के ब्यूरो चीफ घनश्याम राठौर यूएनआई के अनिल सिंह ठाकुर और दैनिक मत मतांतर के संपादक बलवंत धोटे ने प्राप्त किया। राज सिंह परिहार करण प्रजापति ने बताया कि 205 रनों के लक्ष्य का पीछा हरदा ने तेज शुरूआत से किया।

# कांग्रेस नेता का आरोप- संविधान दिवस मनाने वाले प्रशासन ने नागरिकों का हक छीना

**बैतूल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य स्पेंसर लाल ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर तीखा प्रहार किया है। स्पेंसर लाल ने बयान जारी कर कहा कि बैतूल जिले में संविधान दिवस तो धूमधाम से मनाया गया, लेकिन प्रशासन संवैधानिक हक से वंचित नागरिकों की सुध नहीं ले सका। सड़क किनारे एक गरीब व्यक्ति इलाज, कंबल और घर के अभाव में मर गया, जबकि जिले का प्रशासन और जनप्रतिनिधि इवेंट मैनेजमेंट में मस्त हैं।



स्पेंसर लाल ने कहा कि बैतूल जिले में अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर नागरिकों के हकों की अनदेखी कर रहे हैं। अफसर अपनी पदोन्नति की तैयारी में कागजों पर भारत की सोच के साथ सब ठीक होने की तस्वीर दिखाकर चले जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में नरेगा के तहत 100 दिन रोजगार गारंटी कानून की खुली धज्जियां उड़ रही हैं। जिले में करीब एक लाख लोग रोजगार के लिए पंजीकृत हैं, लेकिन सिर्फ 380 लोगों को ही पूरे 100 दिन का रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि गरीब किसानों और मजदूरों का हक नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन संविधान दिवस का शोर कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि अगर हम लोगों को उनका हक नहीं दिला पा रहे हैं तो किस मुंह से संविधान की बात करते हैं? उन्होंने चेतावनी दी कि अगर गरीबों को उनका हक नहीं मिला तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। स्पेंसर लाल ने ग्राम पंचायतों में ठेकेदारों द्वारा पॉकलेन मशीनों से काम कराए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह गरीब मजदूरों की रोटी छीनने जैसा अपराध है। ठेकेदारों और राजनीतिक दलों के उपसरपंच, पंच और अन्य पदाधिकारियों से अपील की कि वे गरीबों का हक न छीनें। अमीर रोजगार कार्ड धारकों से भी विनम्र निवेदन किया कि वे अपना कार्ड तुरंत सरेंडर कर दें, अन्यथा उन्हें आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वे बैतूल जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर रोजगार गारंटी कानून के उल्लंघन की जानकारी लेंगे और गरीब मजदूरों व किसानों के हक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हम सच में भारत के नागरिक होने की प्रतिज्ञा करते हैं तो लाभार्थी और हितग्राही जैसे शब्दों से बचना चाहिए। नागरिकों को उनके शिक्षा, सुरक्षा और भोजन का अधिकार दिलाने में प्रशासन को सहयोग देना चाहिए।

# न्याय के लिए भटक रही महिला, पार्षद पर गंभीर आरोप

- **आरोपियों पर कार्रवाई नहीं, एसपी से की शिकायत**

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर की रहने वाली प्रियंका गुप्ता का आरोप है कि भाजपा की वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद नीतू गुप्ता सहित चार लोगों पर दर्ज एफआईआर के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में उन्होंने एसपी से शिकायत कर निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग की है।

प्रियंका ने भाजपा पार्षद पर राजनीतिक दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका थाने में आना-जाना लगा रहता है और इसी वजह से पुलिस कार्रवाई से बच रही है। प्रियंका का कहना है कि नीतू गुप्ता के साथ उनके परिवार के सदस्य शक्ति गुप्ता, जाह्नवी गुप्ता और अंजनेय गुप्ता खुलेआम घूम रहे हैं। प्रियंका गुप्ता ने बताया कि उन्हें अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए दो वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। पुलिस ने उनकी बात को अनसुना कर दिया था, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद अंततः एफआईआर दर्ज की गई। प्रियंका ने बताया कि उनकी एफआईआर में गैर-जमानती धाराएं शामिल हैं, लेकिन आरोपी नीतू गुप्ता, शक्ति गुप्ता, जाह्नवी गुप्ता और अंजनेय गुप्ता खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतू गुप्ता भाजपा की पार्षद होने के कारण राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि कानून सभी के लिए समान है। मेरी एफआईआर पर तत्काल कार्रवाई की जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। प्रियंका का कहना है कि नीतू गुप्ता का थाने में आना-जाना है, जिससे स्पष्ट होता है कि पुलिस पर राजनीतिक दबाव है। उन्होंने कहा कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्हें अपने हक के लिए और बड़े स्तर पर शिकायत करना पड़ेगा।

# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान

- **हम होंगे कामयाब अभियान से गांव-गांव तक पहुंचेगी जागरूकता की अलख**

**बैतूल, देशबन्धु।** ढोडरामोबाड़ में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'हम होंगे कामयाब' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था प्रत्याशा एवं जिला पुलिस प्रशासन (महिला बाल विकास), जिला बैतूल द्वारा संयुक्त रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सुरक्षित नारी, सशक्त समाज पखवाड़े के अंतर्गत 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को घरेलू हिंसा, बाल विवाह और अन्य प्रकार के अत्याचारों से बचाना है।

थाना प्रभारी साईंखेड़ा थाना के राजन उईके ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि घरेलू हिंसा का सामना



करना पड़े तो चुप न रहें, बल्कि पुलिस की मदद लें। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर भी साझा किया और आश्वासन दिया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि महिलाएं थाने नहीं आ सकतीं तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी सूचना दे सकती हैं।

प्रत्याशा संस्था की अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं को चाहिए कि वे अपनी बच्चियों की सुरक्षा के साथ उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें। निमिषा शुक्ला ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह से बालिकाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रमिला धोत्रे ने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और पलायन करने वालों की जानकारी सरपंच को देने की सलाह दी।

सोनम मिश्रा ने ग्रामवासियों से धर्मांतरण न करने की अपील की और कहा कि यदि कोई जबरन धर्मांतरण कराने की कोशिश करे तो उसकी शिकायत जरूर करें। रामगोपाल सोनी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी ताकि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।

कृष्णा अमरुते ने महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें अपनी ताकत पहचानने और घरेलू हिंसा का शिकार न बनने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रज्वल धोत्रे, सपना दवंडे, आशीष पचौरी, नागोराव सिरसाम और अंसुइया अमरुते शामिल थे। सभी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया उन्हें एक सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।

मीना बोरबन, साक्षी शर्मा, हेमा सिंह और चौहान द्वारा कार्यक्रम में साड़ियां, गर्म कपड़े और खिलौनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों में फतेसिंग कवडे, मनोहरी इवने, रामरतन सिरसाम, विजय उरमाड़े, उमन कुमरे, गणेश सिरसाम, रघुनाथ साहू, लता चढ़ोकार, उर्मिला सिरसाम, प्रियंका चोरसे, रुक्मिणी झरबड़े और श्रीराम सिरसाम शामिल थे।

राज्यपाल ने इन्दौर में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के साथ यूरेशियन ग्रुप देशों की बैठक का किया शुभारम्भ, कहा-

# आतंकवाद को वित्त पोषण रोकने बड़े कदम उठाने की आवश्यकता

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि यूरेशियन ग्रुप देशों की बैठक धन शोधन एवं आतंकवाद को वित्त पोषण रोकने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सभी बड़े देशों को एकजुट होकर इसके खिलाफ बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व में आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए सभी यूरेशियन सदस्य देशों का एकजुट होना बड़ा कदम है। राज्यपाल ने आज इन्दौर में 41वीं यूरेशियन देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भारत में डिमॉनिटाइजेशन, डिजिटलाइजेशन से पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास हुए। उन्होंने कहा आधुनिक तकनीक के उपयोग से अवैध वित्तीय गतिविधियों को रोकने के लिए और अधिक विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए ईएजी ग्रुप देश को मजबूत कूटनीतिक और सशक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति के लिए यूरेशियन देशों के प्रयास प्रभावी परिणामकारक सिद्ध होंगे। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की नगरी में ईएजी ग्रुप की बैठक गर्व का विषय हैं।



## भारत के प्रयास सार्थक और प्रभावी : चिकानचिन

ग्रुप अध्यक्ष यूरी चिकानचिन ने कहा ईएजी ग्रुपों में भारत के प्रयास सार्थक, प्रभावी और प्रशंसनीय हैं। ग्रुप देशों ने विभिन्न सत्रों में बैठक के दौरान टेरर फंडिंग रोकथाम प्रयासों, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा की गई हैं। यूरेशियन सहित अफ्रीकी देशों सहित विश्व के अन्य क्षेत्रों में आतंकवाद को फंडिंग एक गंभीर चुनौती है। ईएजी ग्रुप की बैठक में तकनीकी और प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के संबंध में चर्चा हुई हैं।

भारत सरकार के वित्त सचिव संजय मल्होत्रा ने आतंकवाद को वित्त पोषण, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम, पारदर्शी अर्थव्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महापौर इन्दौर पुष्यमित्र भार्गव ने ईएजी अध्यक्ष यूरी चिकानचिन को इंदौर में मौजूद यूरेशियन गार्डन का प्रमाण पत्र भेंट किया। बैठक में केंद्रीय वित्त अतिरिक्त सचिव विवेक अग्रवाल ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## आर्थिक अपराध रोकने किए जा रहे विशेष प्रयास : चौधरी

कार्यक्रम को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा वित्त शोधन और आतंकवाद को वित्त पोषण की रोकथाम के लिए यूरेशियन देशो का ग्रुप महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत में काला धन अधिनियम, आर्थिक अपराध को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए गए है। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि भारत में साफ और पारदर्शी वित्तीय प्रणाली के लिए जीएसटी, डिजिटल इंडिया के तहत विशेष प्रयास किए गए हैं। यूपीआई डिजिटल लेनदेन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। भारत में परिवर्तन निदेशालय लगातार सशक्त हो रहा है। भारत की सभी एजेंसियां द्वारा मिलकर आतंकवाद और उग्रवाद को धन पोषित करने वालों, मनी लांड्रिंग पर प्रभावी और कड़ी कार्रवाई हो रही हैं।

प्रधानमंत्री ने दी 4 हजार से अधिक मेगावॉट बिजली के लिए कोल आवंटन की स्वीकृति

# नए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना से प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिलेगा सुपर पॉवर

## 25 हजार करोड़ का प्राप्त होगा निवेश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोल आधारित विद्युत उत्पादन के लिए कोल आवंटन के लिए स्वीकृतिप्रदान की है। इससे 4100 मेगावॉट विद्युत उत्पादन के लिए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सभी विभागों को प्रगति के अवसर दिये हैं। वे जानते हैं कि बिजली के बिनाविकास की कल्पना संभव नहीं है। यह एक बड़ा अवसर है, जिससे हम प्रदेश में ही स्वयं के पॉवर प्लांट लगा सकते हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हम आज भी सरप्लस की स्थिति में हैं, परंतु औद्योगिक विकास के लिए नए उद्योगों की स्थापना के परिणामस्वरूप बिजली की खपत में भी निरंतर वृद्धि होती जा रही है। भविष्य की दृष्टि से भी हमें नए थर्मल पॉवर स्टेशन की आवश्यकता होगी। यह कोल आवंटन उसमें संजीवनी की तरह काम करेगा। हम थर्मल पॉवर के नए स्टेशन की स्थापना के लिए उद्यमियों को प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि साथ ही राज्य नवकरणीय ऊर्जा की ओर भी समान रूप से आगे बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की आगामी लंबी अवधि की विद्युत मांग के आंकलन के आधार पर 27 नवम्बर को भारत सरकार की उच्च स्तरीय अंतर्विभागीय समिति द्वारा प्रदेश के ऊर्जा विभाग के प्रस्तुतिकरण के आधार पर कुल 4100 मेगावॉट के नए थर्मल पॉवर प्लांट लगाने के लिये कोयला आवंटन स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में संयंत्र लगाने के लिये प्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा निविदा जारी की जायेगी। इससे लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा। साथ ही हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्रदेश उद्योग, घरेलू एवं कृषि सिंचाई के लिये सस्ती और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा प्रदाय करेगा और ऊर्जा उत्पादन में आत्म-निर्भर बना रहेगा।

## प्रमुख सचिव ने किया मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्था का किया निरीक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव ने पुनर्वास संस्थान द्वारा दिव्यांगजन को दी जा रही सुविधाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एपिड योजनान्तर्गत शिविर आयोजित करने तथा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। श्रीमती वायंगणकर ने नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती नशा मरीजों से भी चर्चा की।

## चारू शर्मा की कप्तानी में क्रिकेट मैच जीती भोपाल टीम



**भोपाल, देशबन्धु।** दतिया में आयोजित 68 वीं एसजीएफयू 19 क्रिकेट राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में भोपाल टीम ने क्रिकेट मैच जीत लिया। 24 नवंबर से जारी इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में चारू शर्मा की कप्तानी में भोपाल टीम ने जबलपुर से मैच खेला। जिसमें भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन का लक्ष्य बिना कोई विकिट के नुकसान के जबलपुर को दिया। जबलपुर की टीम निर्धारित ओवर मे 7 विकेट खो 100 रन ही बना सकी। भोपाल टीम की कप्तान चारू की कप्तानी में अच्छी गेंदबाजी, अच्छी कप्तानी और कोच मैनेजर मारन असीम शर्मा के मार्गदर्शन मैं जबलपुर संभाग को रोमांचक मुकाबले भोपाल की टीम ने पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत पर मो. मुकरम्म सर ने टीम के कोच मैनेजर को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

देश भर से 7 सौ से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल

# जस्टिस मेकर्स मेला आज से, न्याय से जुड़े मुद्दों पर होगी चर्चा

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में 29 और 30 नवंबर को जस्टिस मेकर्स मेले को आयोजन किया जाएगा। जिमसें पूरे भारत से नागरिक समाज, उद्योग, सरकार और न्यायपालिका के 7 सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेले का उद्देश्य एक ऐसा समुदाया बनाना है जो विवाद समाधान, कानूनी सेवाओं और सहायता कानूनी साक्षरता, कानूनी शिक्षा और पर्यावरण न्याय जैसे प्रमुख न्याय अनुभवों और प्रणालियों के भविष्य की पुनर्कल्पना के लिए मिलकर काम कर सके। जस्टिस मेकर्स मेला के मुख्य आयोजक और गैर लाभकारी संगठन अगामी के सह संस्थापक सचिन मल्हान और सुप्रिया शंकरन ने बताया कि यह आयोजन न्याय और कानून के क्षेत्र में साझेदारी और नवाचार को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित होने वाले इस आयोजन के बारे में सचिन मल्हान ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विवाद समाधान, कानूनी सेवाएं, कानूनी सहायता, कानूनी साक्षरता, कानूनी शिक्षा और पर्यावरण न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के भविष्य को नए सिरे से समझना है। वहीं मेला प्रतिभागियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा, ताकि न्याय से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए नए विचार, संभावनाएं पैदा की जा सकें।

उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों का जुड़ना और मिलकर काम करना जरूरी है। यह मेला ऐसा मंच बनेगा, जहां कानूनी इनोवेटर्स, तकनीकि विशेषज्ञ, सामुदायिक नेता और छात्र एक साथ आ पाएंगे। यहां लोग नए विचार और नए विधान देख सकेंगे और बदलाव लाने वाले प्रेरक लोगों से मिल सकेंगे। यह मेला अगामी द्वारा आयोजित इस तरह की वार्षिक बैठकों का पांचवां और सबसे बड़े स्तर का आयोजन है। इस मेले में देश भर के 2 सौ से अधिक प्रमुख संगठन हिस्सा ले रहे हैं।

### इनकी रहेगी विशेष मौजूदगी

जस्टिस मेकर्स मेले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज, न्यायमूर्ति संजय गौंड़ा, मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अमित मेहरोत्रा, ईगव फाउंडेशन के सीटीओ मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार नेहा दीक्षित, ओडिशा विधि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रंगीन त्रिपाठी, नेशनल लॉ स्कूल इंडिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. अर्पणा चंद्रा, ग्रामवाणी में मीडिया एवं गवर्नेंस के निदेशक सुल्तान अहमद, नींव शिक्षा जनकल्याण समिति की संस्थापक रीना शाक्य, इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी की हेमाक्षी मेघानी, विमुक्त जनजातियों के लिए काम करने वाली समाजसेवी शिवानी तनेजा, जेनिथ के सह-संस्थापक अभय जैन और स्वप्निल शुक्ला, समा के सह संस्थापक प्रांजल सिन्हा और अक्षेता अशोक तथा विकास संवाद के निदेशक सचिन जैन विशेष रूप से शामिल रहेंगे।

### जस्टिस मेकर्स मेले में इन मुद्दों पर होगी चर्चा

- कानूनी कामकाज में एआई का असर
- पहले स्तर पर न्याय कार्य को और मजबूत बनाना
- न्याय सेस जुड़े मुद्दों पर कहानियां सुनाने के तरीके
- सरकार और समाज के बीच बेहतर तालमेल
- पारंपरिक विवाद सुलझाने के तरीके
- कानूनी शिक्षा को नया रूप देना

विजयपुर से कांग्रेस विधायक ने लगाया आरोप

# वनमंत्री ने 5 करोड़ की पेशकश की थी

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी रहे वनमंत्री रामनिवास रावत पर चुनाव न लड़ने की एवज में कांग्रेस प्रत्याशी को 5 करोड़ रुपए देने की पेशकश की थी। यह आरोप विजयपुर से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा ने आज भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए लगाए हैं।

दरअसल श्री मल्होत्रा आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे, जहां उनका कांग्रेस नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक श्री मल्होत्रा ने कहा कि रामनिवास रावत के रिश्तेदार जो थाना प्रभारी है, वह एसडीओपी के साथ मेरे पास आए थे, उन्होंने मेरे समक्ष 5 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया था। श्री मल्होत्रा बताया कि मुझसे यह कहा गया था कि 2 करोड़ रुपए अभी ले लो, 3 बाद में ले लेना। श्री मल्होत्रा ने बताया कि उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हें चुनाव नहीं लड़ना है, नहीं तो तुम समझ सकते हो हम क्या कर सकते हैं। श्री मल्होत्रा ने कहा कि हमें कहा गया कि आप नामांकन फार्म वापस ले लेना, मैंने उन्हें जवाब दिया कि मुकेश मल्होत्रा बिकने वाला आदिवासी नहीं है। हम स्वाभिमानी लोग हैं। इसके बाद पूरा चुनाव निकल गया, उन्होंने मुझसे कोई संपर्क नहीं किया। वे हमारे लोगों को डराते धमकाते रहे। मेरे सामने और कार्यकर्ताओं के सामने कई चुनौती आई थी।




गौरतलब है कि विजयपुर से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। जहां प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री मल्होत्रा ने आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से भी मुलाकात की।

### रावत ने आरोपों को बताया निराधार

विजयपुर से पराजित भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत ने कांग्रेस विधायक के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता इस तरह के आरोप पहले भी लगाती रहे हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है।

नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर को

# बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में होंगे समझौते

**भोपाल, देशबन्धु।** नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय में संपर्क करें।

विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी छूट

लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त कर चुके उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक?तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित?व राशि 50 हजार तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल ''लोक अदालत'' 14 दिसंबर 2024 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

प्राकृतिक खेती के संवर्धन पर राज्य नीति आयोग ने किया संवाद

# मप्र को प्राकृतिक खेती में अग्रणी बनाने उत्पादों की करें ब्रांडिंग

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश को प्राकृतिक खेती में अग्रणी राज्य बनाने के लिए उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केट कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाना चाहिए। महिला किसानों और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देकर कम्युनिटी मॉडल अपनाए जाना चाहिए। प्राकृतिक खेती के लिए मानकों और प्रमाणन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाना चाहिए। उक्त विचार विशेषज्ञों ने आज यहां मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा जलवायु सहनशीलता और सतत् कृषि के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा- मार्ग, चुनौतियां और नीति समर्थन विषय पर आयोजित संवाद में व्यक्त किए। संवाद में कृषि, बागवानी और सतत विकास के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, महिला किसानों, स्वयंसेवी संगठनों, और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।



सीईओ, राज्य नीति आयोग ऋषि गर्ग ने प्राकृतिक खेती के संवर्धन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने में किसानों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करना आवश्यक है। आंध्रप्रदेश के उप निदेशक हॉर्टिकल्चर श्रीनिवासुलु ने सामुदायिक प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कम लागत और स्थानीय संसाधनों का उपयोग प्राकृतिक खेती को किसानों के लिए आकर्षक बनाता है। अतिरिक्त सचिव बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती प्रीति मैथिल ने बताया कि प्राकृतिक खेती के उत्पाद उपभोक्ताओं में लोकप्रिय हो रहे हैं, लेकिन इसे व्यावसायिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए बेहतर नीति समर्थन और बाजार संपर्क की आवश्यकता है। जी. प्रकाश राव ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक आधार, जैव विविधता में सुधार और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की।

पद्मश्री डॉ. सुभाष पालेकर ने जैविक और प्राकृतिक खेती के बीच के अंतर को स्पष्ट किया और प्राकृतिक खेती को अपनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के सुझाव दिए। उन्होंने शून्य लागत प्राकृतिक खेती की तकनीकों पर जोर दिया। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने विशेषज्ञों से संवाद किया।

## मोटा अनाज, धान उपार्जन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर कार्यशाला आज

**भोपाल, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन की तैयारी तथा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पात्र परिवारों को राशन वितरण पर चर्चा के लिये 29 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से कार्यशाला होगी। कार्यशाला आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित की जायेगी। कार्यशाला में सभी जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरिशन और क्षेत्रीय प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन शामिल होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**अडानी के मुद्दे पर....** तो कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्य अपनी सीटों से आगे आकर खड़े हो गए और जोर-जोर से बोलने लगे। इस पर श्री धनखड़ ने कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं लेने के निर्देश दिए। श्री धनखड़ ने सदस्यों से शांत होने की अपील करते हुए कहा कि यह वरिष्ठों का सदन है और 140 करोड लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना इस सदन के सदस्यों का कर्तव्य है। सदस्यों को यह कर्तव्य अवश्य ही पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद सकारात्मक संवाद का स्थान है। उन्होंने सदस्यों से प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह बहुत आवश्यक है। हालांकि नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों पर इस अपील का कोई असर नहीं हुआ तो सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर पांच मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

इससे पहले भी शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी गठित करने की मांग को लेकर हंगामा किया था जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित की गई थी। सदन में हंगामा जारी रहने के कारण आज भी शून्यकाल बाधित रहा और प्रश्नकाल नहीं हो सका।

**जनता के मुद्दे उठाना प्राथमिकता....** संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ वह संविधान को मजबूती प्रदान करने की लड़ाई लड़ती रहेंगी और जनता के मुद्दे संसद में उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, हमारे लिए संविधान से ऊपर कुछ नहीं है।

**भारतीय तकनीक और जर्मन.....** से सीखने के लिए बहुत कुछ है। हिन्दुस्तान के जर्मनी के साथ अतीत से मधुर संबंध है। मैक्समूलर ने हमारे वेदों का संस्कृत भाषा से अनुवाद करके जर्मनी के माध्यम से दुनिया के सामने हमारे प्राचीन ज्ञान को प्रकट किया था। अतीत के संबंध से इनकी अच्छाइयों और टेक्नोलॉजी को सीखते हुए मध्यप्रदेश और बवेरिया स्टेट समन्वयपूर्वक आगे बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी के टेक्नीकल स्टाफ के माध्यम से इंजीनियरिंग, पॉलेटेक्निक, आईटीआई जैसे टेक्निकल क्षेत्र में हमारे उद्योगपति लाभ ले सकेंगे। खासकर ऑटोमोबाइल क्षेत्र में जर्मन टेक्नोलॉजी उन्नत स्तर की है। हम जानते हैं इसमें कई चुनौतियां भी सामने आयेंगी, एक दूसरे के तकनीकी अनुभवों को साझा करते हुए हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस विदेशी दौरे के बाद भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। इसमें हमने जर्मनी के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों को भी आमंत्रित किया है। दोनों राज्यों में अधिकारियों को एक दूसरे राज्य में भेजने में प्रशासनिक लेवल पर जो कठिनाईयां आती हैं, उनको दूर किया जाएगा। इससे व्यापार और व्यवसाय की राह में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री यादव ने उम्मीद जताई कि इस वार्ता से सहयोगात्मक विकास, तकनीकी उन्नति और आर्थिक समृद्धि की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सहयोग का एक नया अध्याय प्रारंभ होगा।

**वक्फ विधेयक पर संयुक्त....** होने की घोषणा कर दी। गौरतलब है कि विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक पर चर्चा करने के लिये और समय देने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर मांग की थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा सदस्य जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में समिति का गठन संसद के पिछले सत्र के दौरान किया गया था। इससे पहले सरकार ने वक्फ कानून में संशोधन के लिये विधेयक पेश किया था, जिस पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कई दलों ने गहरी आपत्ति जतायी थी। इसके बाद सदन ने समीक्षा के लिये विधेयक को संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव किया था।

**झारखंड के चौथी बार....** को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जमानत पर बाहर आने के बाद 4 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन का नाम झारखंड के ऐसे पहले सीएम के तौर पर दर्ज हो रहा है, जिन्होंने लगातार दूसरी बार सरकार में वापसी की है।

श्री सोरेन ने बरहेट से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। हाल में हुए विधानसभा चुनावों में सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गमलियल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल करके अपना बहुमत बनाए रखा, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिलीं।

**इंडिया गठबंधन की दिखी....** डी के शिवाकुमार, तमिलानडू के उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, मासस के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सांसद पप्पू यादव ,संजय सिंह, कल्पना सोरेन विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो और गौरव चड्ढा के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे।

**दिल्ली में क्राइम ब्रांच....** नुकसान नहीं हुआ था। इस बार के धमाके के समय भी कुछ खास नुकसान नहीं हुआ है। धमाके से लग रहा है कि धमाका प्लान कर के किया गया है। क्योंकि धमाके की तीव्रता समान है और दोनों में किसी को जान से मारने का इरादा नहीं है। दोनों बार धमाके में आरडीएक्स का इस्तेमाल नहीं किया गया है। दोनों बार धमाके में सफेद पाउडर का इस्तेमाल किया गया। दोनों बार पुलिस इंस्टीट्यूशन के आस-पास ही धमाका किया गया है। आज जो धमाका हुआ है उसमें एक महिंद्रा चैंपियन ड्राइवर की आंख में मामूली चोट आई। धमाके के दौरान ड्राइवर के आंख में कुछ उड़ के लगा है। इसके अलावा किसी अन्य चोट की सूचना नहीं है। हैरान करने वाली बात यह भी है कि विस्फोट के प्रभाव से आस-पास की दुकानों की खिड़कियों के शीशे और साइनबोर्ड क्षतिग्रस्त नहीं हुए हैं। इस धमाके की जांच में एनआईए भी मदद करेगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।